# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 03 जनवरी 2026

संवत 2082, पौष शुक्ल 15 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 115 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ समुद्र की गहराइयों से उठती नारी शक्ति की गूंज

निमरत ने कौर मांगा आशीर्वाद ◀◀ 6


## सुकमा-बीजापुर में सुरक्षाबलों व नक्सली के बीच मुठभेड़

# 14 नक्सली ढेर, नक्सली कमांडर मंगडु भी मारा गया

✔ सभी 14 नक्सली के शव हथियार के साथ बरामद

**एजेंसी**

**सुकमा :** बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीजापुर और सुकमा जिलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए हैं।

**14 नक्सलियों के शव बरामद, हथियार जब्त**

लगातार जारी मुठभेड़ों के बीच, अब तक तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थलों से कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें बीजापुर जिले से 2 और सुकमा जिले से 12 माओवादी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने इन नक्सलियों के पास से एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल सहित कई अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं। बता दें कि सुकमा में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस कार्रवाई को नक्सली गतिविधियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। सूत्रों से खबर है कि मारे गए नक्सलियों में कई ऐसे भी शामिल हैं जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव की हत्या में संलिप्त थे। इस पूरे ऑपरेशन की कमान सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण खुद संभाल रहे थे। सूत्रों के अनुसार, इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मंगडु के भी मारे जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी प्रतीक्षारत है। मारे गए नक्सलियों में कोन्टा एरिया कमेटी के एसीएम हितेश भी शामिल हैं।



**दो जिलों में मुठभेड़**

जानकारी के अनुसार, बीजापुर और सुकमा जिलों के दक्षिणी इलाकों में सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। अभियान के तहत दक्षिण बस्तर क्षेत्र में डीआरजी की विशेष टीमों को रवाना किया गया था। ऑपरेशन के दौरान बीजापुर जिले में सुबह लगभग 5 बजे से डीआरजी और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। वहीं, सुकमा जिले में भी सुबह लगभग 8 बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग की स्थिति बनी हुई है।

## बड़ा भ्रष्टाचार! पूर्व मेयर को सुनाई मौत की सजा

# घर से बरामद हुआ था 13 हजार किलो सोना और 3400 करोड़

**एजेंसी**

**बीजिंग :** चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया को चौंका दिया है। चीन के हाइहौ शहर के पूर्व मेयर झांग छी को बड़े भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। जांच के दौरान उसके घर से जो कुछ बरामद हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया।

एक न्यूज वेबसाइट जामिन में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जब जांच एजेंसियों ने पूर्व मेयर के अपार्टमेंट पर छापा मारा तो वहां से करीब 13,500 किलोग्राम सोना और लगभग 3,400 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर युआन नकद बरामद किए गए। इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना किसी सरकारी अधिकारी के घर से मिलना चीन के इतिहास में बेहद दुर्लभ माना जा रहा है। इसके अलावा, चीन और विदेशों में स्थित उसकी लग्जरी रियल एस्टेट संपत्तियां और महंगी कारों का कलेक्शन भी जब्त किया गया।



जांच में सामने आया कि वर्ष 2009 से 2019 के बीच झांग छी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी ठेके दिलाने और जमीन से जुड़े सौदों को मंजूरी देने के बदले योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत ली। इस दौरान उसने अवैध रूप से सैकड़ों अरब रुपये की संपत्ति जमा की।

अदालत ने झांग छी को सरकारी धन के गबन, पद के दुरुपयोग और गंभीर भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया। फैसले में कहा गया कि उसने जनता के भरोसे को तोड़ा और राज्य को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया। इन्हीं आधारों पर उसे मौत की सजा सुनाई गई। इस मामले को चीन के इतिहास के सबसे विवादास्पद भ्रष्टाचार विरोधी मामलों में से एक माना जा रहा है।

## सात निश्चय-3 के तहत नीतीश सरकार की बड़ी पहल

# अब बिहार में वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

✔ बुजुर्गों को घर बैठे मिलेगा इलाज, ब्लड टेस्ट, ईसीजी और फिजियोथेरेपी की सुविधा भी

**एजेंसी**

**पटनाः** बिहार सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए उनके लिए घर बैठे इलाज की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है। अब बुजुर्गों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य जांच या इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय पार्ट-3 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए यह अहम फैसला लिया है। इसकी घोषणा उन्होंने शनिवार सुबह सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की। बुजुर्गों को घर पर ही मिलेंगी ये सुविधाएंः इस नई व्यवस्था के तहत बुजुर्गों को उनके घर पर ही पैथोलॉजी जांच, ब्लड प्रेशर मापने और ईसीजी जैसी जरूरी जांच की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर डॉक्टर घर पहुंचकर इलाज करेंगे और नर्सिंग सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे उम्रदराज लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा और उनकी परेशानियां कम होंगी। घर तक पहुंचाई जाएंगी फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएंः आपातकालीन स्थिति में वरिष्ठ नागरिकों को घर पर ही हर तरह की चिकित्सकीय सहायता देने की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएं भी घर तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे बुजुर्गों को लंबे समय तक अस्पताल या क्लीनिक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**सीएम नीतीश ने अपने पोस्ट में क्या कहा?**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पोस्ट में कहा कि 24 नवंबर 2005 से उनकी सरकार सभी वर्गों के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक सम्मान के साथ, सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन जी सके। बुजुर्गों के लिए यह पहल इसी सोच का हिस्सा है।

## आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ी को लेकर एक्शन में बीसीसीआई

**केकेआर से मुस्तफिजुर रहमान को हटाने का दिया निर्देश**



मुंबई : बीसीसीआई ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को टीम से हटाने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जारी हिंसा की वजह से उन्हें हटाने की मांग उठ रही थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि हाल के दिनों में जो घटनाक्रम सामने आए हैं, उन्हें देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को अपने एक खिलाड़ी, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान, को टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया है। साथ ही बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि अगर फ्रेंचाइजी किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की मांग करती है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। बता दें मुस्तफिजुर रहमान को शाहरुख की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने पिछले महीने अबुधाबी में हुए आईपीएल मिनी ऑक्शन में 9.12 करोड़ रुपए में खरीदा था। वे आईपीएल में बांग्लादेश के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं।

## यमन पर सऊदी अरब का सबसे बड़ा हवाई हमला

# 20 से ज्यादा लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**एजेंसी**

**अदनः** सऊदी अरब के युद्धक विमानों ने यमन के दक्षिणपूर्वी तेल-समृद्ध प्रांत हद्रामौत में शुक्रवार को कई स्थानों पर हवाई हमला किया जिसमें 20 से ज्यादा लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक स्थानीय चिकित्सा सूत्र ने दी। सेयुन पब्लिक हॉस्पिटल के एक सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि पिछले कुछ घंटों में अस्पताल में 20 से अधिक शव लाए गए हैं। हमलों में नागरिकों सहित दर्जनों अन्य लोग घायल हुए हैं और वर्तमान में उनका उपचार चल रहा है। इससे पहले दिन में, दक्षिणी संक्रमणकालीन परिषद (एसटीसी) से संबद्ध उपग्रह चैनल एआईसी ने कहा कि सऊदी अरब के तीव्र हवाई हमलों में सेयुन हवाई अड्डे और आसपास की आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया, जिसमें एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शिन्हुआ से कहा कि हवाई हमलों के कारण नागरिकों में दहशत का माहौल है जिससे कई परिवारों को अपना घर छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस बीच, अदन स्थित, सऊदी समर्थित एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमनी सरकार के एक अधिकारी ने हताहत नागरिकों और नागरिक अवसंरचना के नुकसान की खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें सेयुन हवाई अड्डे को निशाना बनाना भी शामिल है।






## न्यूज IN ब्रीफ

### गोशाला भेजे जाएंगे तस्करों से जब्त किए गए सभी 58 गाय

**सिल्ली :** थाना अंतर्गत जयनगर के समीप 30 जनवरी को पशु तस्करों से सिल्ली पुलिस द्वारा 58 गाय जब्त किये गये थे। पुलिस द्वारा जब्त गायों को जल्द ही गोशाला भेजा जायेगा। पूर्व में इन गायों को स्थानीय किसानों को दिया जाना था। परंतु राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव एवं समाज के कई प्रबुद्ध लोगों द्वारा थाना प्रभारी से मांगा की गयी कि सुरक्षा की दृष्टि से जब्त सभी गायों की बेहतर देख भाल हो सके इसके लिए गौशाला में भेजा जाए। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि जब्त गायों को जल्द ही टाटा या रांची के गोशाला में भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि सभी 9 पशु तस्करों को गिरफ्तार कर 31 जनवरी को जेल भेज दिया गया है।

### पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**सिल्ली :** प्रखंड के रामपुर, गेड़ेबीर एवं बांसारुली के पदक विजेता वुशु खिलाड़ियों एवं कोच वाहिद अली का रामपुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कोच वाहिद अली ने बताया कि विगत 24 से 38 दिसम्बर तक छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव में आयोजित 9वें फेडरेशन कप नेशनल वुशु चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में बिरसा

बिरसा मुंडा वुशु सेंटर सिल्ली के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7 पदक प्राप्त किये हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों में लगाम निवासी सोनाली कुमारी ने तीन पदक प्राप्त किया जिसमें 1 स्वर्ण,1 रजत और 1 कांस्य, रामपुर निवासी फणिभूषण बेदिया और होलिका बेदिया ने 1-1 रजत पदक, रामपुर निवासी प्रतिमा बेदिया और बांसारुली निवासी अंजना महतो ने 1-1 कांस्य पदक जीता है। स्वागत करने वालों में मुखिया हरिपद मांझी, किरण देवी, सहायक कोच त्रिलोचन बेदिया, मनोज भोगता समेत ग्रामीण शामिल थे।

### बसंत पंचमी को लेकर आकार लेने लगी प्रतिमाएं

**मुरी :** बसंत पंचमी को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। मूर्तिकार मूर्ति बनाने में जुट गए हैं। बंता के मूर्तिकार संतोष और मंतोष मूर्ति बनाने में लगे हुए हैं। मूर्तिकार संतोष बताते हैं कि इस बार एक हजार रुपए से लेकर सोलह हजार रुपए तक की मूर्तियां हमारे यहां उपलब्ध है। हमारे यहां की फैंसी मूर्तियां आसपास के क्षेत्र में जाते हैं। बारेंदा, बुंडू , सिल्ली, मुरी आदि क्षेत्रों में सरस्वती की मूर्तियों को पसंद किया जाता है। हमारे सामने मूर्ति बनाने को लेकर काफी चुनौतियां भी है। रंग रोगन का समान कोलकाता से आता है जिससे हमारी लागत काफी बढ़ जाती है। इसके अलावे हम गणेश लक्ष्मी, विश्वकर्मा, काली सहित विभिन्न देवी देवताओं का मूर्ति बनाने का काम करते हैं।

### मजदूर के बेटे का अग्निवीर में चयन

**चतरा:** हंटरगंज प्रखंड के चकला पंचायत के बरहपुर में अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में चयनित हुए। जवान इतवारी यादव के पुत्र राकेश कुमार के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। पंचायत के मुखिया दीपा भारती और जीरो टू सक्सेस एकेडमी के प्रशिक्षक दीपक कुमार सहित जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।सभी ने मिलकर अग्निवीर जवान को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। मुखिया दीपा भारती ने कहा कि यह क्षण पूरे चकला पंचायत के लिए गर्व और सम्मान का है।एक मजदूर का बेटा कठिन परिश्रम, लगन व आत्मविश्वास के बल पर अग्निवीर बनकर देश की सेवा के लिए चयनित हुआ है जो पंचायत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। राकेश कुमार की सफलता यह साबित करती है कि सही दिशा में मेहनत करने से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस दौरान मुखिया दीपा भारती ग्रामीणों और प्रशिक्षक दीपक ने फूल माला पहनाते हुए अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना किया। ग्रामीणों ने राकेश कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका चयन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पंचायत के लिए गौरव की बात है। वही राकेश ने असफल हुए साथियों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी चीज का जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं, बस हौसला बुलंद होना चाहिए। मेहनत जारी रखें आपकी सफलता एक ना एक दिन कदम जरूर चूमेगी। इस दौरान गांव में वंदे मातरम,भारत माता की जय और जय हिंद के जयघोष से पूरा गांव गूंजा। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### कर्ज की राशि नहीं लौटना युवक को पड़ा महंगा

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट बाजार में शुक्रवार शाम को एक युवक पर उस समय जानलेवा हमला कर दिया गया, जब वह सप्ताहित हाट बाजार गया हुआ था। बाजार में कर्ज. की बकाया पैसे की मांग कर रहे आरोपियों से मामूली कहासुनी के बाद आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक सोनपुर बिगहा निवासी विनोद यादव का 28 वर्षीय पुत्र नीतीश यादव है। वह खगडवा टांड़ बाजार आया था। इसी दौरान उसके पास आरोपी अकौना निवासी गोलू यादव और नीरज यादव पहुंचे और बकाया कर्ज की राशि मांगने लगे। जिससे युवक फरवरी माह में 35 हजार लिया था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जनता दरबार में समस्याओं का त्वरित संज्ञान, समाधान के दिए निर्देश

**चतरा :** जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों ने अपनी समस्याएँ उपायुक्त कीर्तिश्री के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, स्वास्थ्य , आवास, शिक्षा विभाग सहित अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों को अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है और इसका उद्देश्य त्वरित समाधान के साथ प्रशासन पर जनविश्वास को और मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# झारखंड में पेसा नियमावली की अधिसूचना जारी आदिवासी स्वशासन को मिलेगी कानूनी मजबूती

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार ने राज्य की पेसा नियमावली की अधिसूचना बीते शुक्रवार को जारी कर दी है। इसके साथ ही राज्य में अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के अधिकारों को लेकर लंबे समय से चला आ रहा इंतजार समाप्त हो गया है।

आदिवासी स्वशासन को मिलेगी कानूनी मजबूतीः पेसा नियमावली के अधिसूचना जारी होने के बाद आदिवासी स्वशासन और ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। ज्ञातव्य है कि 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पेसा नियमावली को मंजूरी प्रदान की गई थी। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद पेसा नियमावली को पंचायती राज विभाग को भेजा गया था। विभाग ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शुक्रवार को इसकी अधिसूचना कर दी।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून लागू हो गया। पेसा नियमावली के लागू होने से ग्राम सभाओं को प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, स्थानीय विकास योजनाओं, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों और परंपरागत अधिकारों से जुड़े मामलों में अधिक अधिकार प्राप्त होंगे। सरकार का दावा है कि इससे आदिवासी समाज की परंपराओं, संस्कृति और स्वशासन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



### झारखंड में काल बनकर आया शुक्रवार

## 24 घंटे में सड़क हादसों में 8 लोगों ने गंवाई जान




**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पिछले 24 घंटों में विभिन्न हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को बरहेट-बरहरवा मुख्य सड़क पर एक ऑटो रिक्शा और एक तेल टैंकर के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक स्कूली छात्रा सहित चार लोगों की मौत हो गई। बड़हरवा के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नितिन खंडेलवाल ने बताया कि ऑटो रिक्शा बरहेट से बड़हरवा जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे टैंकर से उसकी भिड़ंत हो गई। एसडीपीओ ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान समरा साह (30), रंदानी सोरेन (30) और स्कूली छात्रा शांति हेम्ब्रम (छह) और ऑटो रिक्शा चालक अमल कुमार के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया, तेल टैंकर का चालक वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल लोगों को रांगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पलामू जिले के डुमरी गांव में एक अन्य दुर्घटना में, मोटरसाइकिल के सड़क से फिसल जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

लेस्लीगंज के एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज तुरी (26) और प्रेम भारती (25) के रूप में हुई है। रांची में रात बिरसा चौक के पास एक पेट्रोल पंप के नजदीक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 26-वर्षीय एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। जगन्नाथपुर पुलिस थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान विवेक कुमार तिर्की के रूप में हुई है। गोड्डा जिले में एक अन्य दुर्घटना में, रात पोरैयाहाट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाटोंडा राजमार्ग पर एक कार और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। गोड्डा के डीएसपी जे.पी.एन. चौधरी ने बताया कि कार में तीन लोग सवार थे, जिनमें से गोड्डा के हरिपुर निवासी 27 वर्षीय निरंजन मिर्धा की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, तीसरे व्यक्ति को चोट नहीं आई है।

## उपायुक्त ने सदर अस्पताल चतरा का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने सदर अस्पताल चतरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, चल रहे अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की वस्तुस्थिति का अवलोकन करना रहा।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर का भ्रमण करते हुए विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष एवं अन्य इकाइयों का जायजा लिया। इस क्रम में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया गया।निरीक्षण उपरांत उपायुक्त ने उपस्थित पत्रकार बंधुओं से संवाद करते हुए बताया कि सदर अस्पताल में हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना भी इस निरीक्षण का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस अवसर पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि सदर अस्पताल चतरा में मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल विभाग का शुभारंभ शीघ्र किया जाएगा। इसके प्रारंभ होने से मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी तथा गंभीर मामलों में मरीजों को बेहतर सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी।औचक निरीक्षण के माध्यम से प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का वस्तुनिष्ठ आकलन किया गया, ताकि भविष्य में अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके।उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश प्रसाद, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर पंकज कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बिचौलिया-पैक्स अध्यक्ष की मिलीभगत से किसान परेशान

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले में धान खरीद को लेकर पैक्स अध्यक्षों और बिचौलियों की मिलीभगत से किसान बुरी तरह परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि पैक्स अध्यक्ष जानबूझकर धान की खरीद नहीं कर रहे हैं और बिचौलियों से सांठगांठ कर धान खरीदवाकर पैक्स में जमा करा रहे हैं। इससे सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जब वे अपना धान पैक्स में देने जाते हैं तो कभी अंगूठा मशीन खराब होने का बहाना बनाया जाता है तो कभी सर्वर या मशीन काम नहीं करने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। कई पैक्स अध्यक्षों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि गोदाम भर चुका है और जब तक ऊपर से आदेश नहीं आएगा, तब तक धान का उठाव नहीं होगा। भोज्या गांव निवासी किसान रितेश सिंह ने बताया कि वे कई बार पैक्स गोदाम गए लेकिन हर बार उन्हें किसी न किसी बहाने से टहला दिया गया। अंत में मजबूर होकर उन्हें अपना धान मात्र 17 रुपये प्रति किलो की दर से बिचौलियों को बेचना पड़ा। रितेश सिंह का कहना है कि सरकारी दर पर धान बेचने का सपना अधूरा रह गया। किसानों का आरोप है कि बिचौलिया और पैक्स अध्यक्ष आपस में मिलकर किसानों से सस्ते दाम पर धान खरीदते हैं और बाद में उसे पैक्स में सरकारी दर पर लाभ कमा रहे हैं। इस खेल में किसान सबसे बड़ा शिकार बन रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी पैक्स अध्यक्षों और बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### राष्ट्र सेवा फाउंडेशन ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर जताई चिंता, कहा

## जल्द डूबेगा यूनुस सरकार का सूरज

**संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बांग्लादेशी हिंदू युवक दीपू चंद्र दास और अमित मंडल की निर्मम हत्या के खिलाफ कड़ा विरोध प्रकट किया है। बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जताते हुए कहा कि यूनुस सरकार का राजनीतिक सूरज बहुत जल्द डूबने वाला है। उन्होंने कहा कि बड़ी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि सिर्फ दीपू चंद्र को हीं मारा व जिंदा जलाया नहीं गया बल्कि उसके घर की तीन महिलाओं का रेप भी किया गया! उन्होंने कहा कि दीपू चंद्र दास जिंदा अग्नि में जलकर विश्व भर के हिंदुओं के सीने में जो आग जला कर गए हैं, वह चिंगारी नहीं बुझेगी।

जिस हिंदुस्तान ने बांग्लादेश को अलग देश का दर्जा दिलाया उस देश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार अब कतई स्वीकार नहीं होगा । अब जाति- पाती में बंटने का समय नहीं है,



एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर निरंतर हत्या, बलात्कार जैसे जुल्म और अत्याचार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र की मोदी सरकार से कूटनीतिक और आर्थिक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने एक कड़ा संदेश जारी करते हुए कहा कि मानवीय क्रूरता और व्यापारिक सहयोग एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार से अपील की है कि वे बांग्लादेश के साथ होने वाले समस्त व्यापार और खेल से जुड़ी जो भी संबंध है, उन्हें रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर संसाधनों की आपूर्ति पर तत्काल रोक लगाए? उन्होंने कहा कि जब पड़ोसी हिंदुओं के घर में मानवता लहूलुहान हो तो हम संसाधनों की आपूर्ति जारी रखकर मुख दर्शक बने नहीं रह सकते। कहा कि भारत सरकार को दो टूक संदेश देना चाहिए कि अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जुल्म और अत्याचार बंद हो, अन्यथा भारत अपने संसाधनों की आपूर्ति रोकने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्वामी सीताराम शरण जी महाराज वह सुनील कुमार सिंह ने कहा कि दीपू चंद्र दास एवं अमित मंडल की हत्या और मां, बहन बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार इस बात का प्रमाण है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय सुरक्षित नहीं है। अर्थात संगठन की ओर से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों के साथ-साथ आर्थिक मोर्चे पर तथा खेल से जुड़े संबंधों पर भी बांग्लादेश पर दबाव बनाया जाए ताकि वहां रहने वाले हर अल्पसंख्यक हिंदुओं की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### पुलिस ने 10 दिन के भीतर सुलझाई स्वर्णकार से लूटकांड की गुत्थी

# अंतरराज्यीय गिरोह के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### बाइक सहित सोने के 19 आभूषण भी बरामद

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोसाईडीह गणपति पेट्रोल पंप के समीप हुए ज्वेलर्स लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में इस्तेमाल अपाची बाइक और अन्य सामान भी पुलिस के हाथ लगे हैं। मामले का खुलासा चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन ने जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में हंटरगंज थाना कांड संख्या 218/25 दिनांक 22 दिसंबर 2025 को धारा 309(4) बीएनएस दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होते ही चतरा पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व एसडीपीओ संदीप सुमन ने किया। टीम ने




तकनीकी साक्ष्य जुटाए। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मोबाइल लोकेशन का विश्लेषण किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 दिनों के अंदर लूट में प्रयुक्त किया गया कीपैड एवं स्मार्ट फोन और अपाची बाइक जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 03 एई 2377 बरामद कर ली गई।

जांच में अंतरराज्यीय गैंग के एक्टिव होने की जानकारी आई सामनेः पुलिस जांच में सामने आया कि लूटकांड के पीछे अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय था। इसके बाद छापेमारी टीम ने सीमांत राज्य बिहार में दबिश दी। गया जी जिले के से संतोष चौधरी और सिकंदर रजक को दबोचा गया। दोनों की निशानदेही पर करीब 05.41 ग्राम आभूषण बरामद किया गया।

गिरोह से जुड़े अन्य लिंक, सहयोगियों की तलाश जारी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि मामले में आगे भी गहन अनुसंधान जारी है। गिरोह से जुड़े अन्य लिंक और सहयोगियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी गया जी जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भाजेदा निवासी संतोष चौधरी का आपराधिक इतिहास लंबा है।11 मामला मुफ्फसिल थाना दर्ज है, जबकि बोधगया, मगध मेडिकल, बुनियादगंज और विष्णुपद थाना में भी मामला दर्ज है। वही सिकंदर रजक का भी बोधगया में दो और एक डेल्हा थाना में मामला दर्ज है।पुलिस टीम की शानदार भूमिकाः चतरा एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ संदीप सुमन, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार, पुरूषोतम अग्निहोत्री, सुनील कुमार दुबे ने इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया।

# झारखंड में फरवरी-मार्च में नगर निकाय चुनाव

## जनवरी अंत तक अधिसूचना जारी होने की संभावना, मार्च में आएंगे नतीजे

- एक ही बैलेट बॉक्स में मेयर-वार्ड पार्षद के लिए वोट

**संवाददाता**




**रांची:** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारियों से स्पष्ट है कि जनवरी के अंत तक चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी 8 जनवरी को सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगी। इसमें जमीनी तैयारियों की समीक्षा होगी। जहां कमी मिलेगी, वहां 5 से 7 दिन में सुधार कराया जाएगा। इसके बाद मुख्य सचिव के माध्यम से राज्यपाल को चुनाव तिथि का प्रस्ताव भेजा जाएगा। संभावना है कि जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में राज्यपाल की मंजूरी मिल जाएगी। इसके तुरंत बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। अधिसूचना जारी होते ही अगले दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन के लिए करीब एक सप्ताह का समय मिलेगा। इस बार निकाय चुनाव एक ही चरण में कराए जाएंगे और मतदान बैलेट पेपर से होगा। आयोग का लक्ष्य है कि 28 मार्च तक पूरी चुनाव प्रक्रिया खत्म कर दी जाए। प्रचार के लिए मिलेंगे 32-36 दिनः इस बार उम्मीदवारों को प्रचार के लिए सिर्फ 32 से 36 दिन मिलेंगे, जबकि आमतौर पर 40-45 दिन का समय दिया जाता है। हाईकोर्ट ने 30 मार्च तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है, इसी वजह से समयसीमा सख्त रखी गई है।

होली के आसपास होगा मतदानः 4 मार्च को होली है। आयोग की योजना है कि होली के आसपास ही मतदान और मतगणना पूरी कर ली जाए। मतदान की संभावित तारीख 26 फरवरी से 2 मार्च के बीच तय मानी जा रही है। मतदान के अगले दिन को री-पोल के लिए सुरक्षित रखा जाएगा, जबकि 2-3 दिन बाद मतगणना होगी।

एक ही बॉक्स में डाले जाएंगे मेयर-वार्ड पार्षद के लिए वोटः एक ही बैलेट बॉक्स में मेयर-अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के लिए वोट डाले जाएंगे। मेयर और अध्यक्ष का बैलेट पेपर गुलाबी रंग को, तो वार्ड पार्षद का मत पत्र सफेद रंग का होगा। गिनती के लिए क्रम में दोनों वोटों को अलग-अलग छाटा जाएगा, फिर उसकी गिनती शुरू होगी। 15-22 दिन बाद मेयर-चैयरमैन का चुनावः मतगणना के 15 से 22 दिन के भीतर नगर निगम के मेयर और नगर परिषद-नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसमें सिर्फ निर्वाचित वार्ड पार्षद वोट डालेंगे। पहले उन्हें शपथ दिलाई जाएगी, फिर चुनाव होगा।

## जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर केन्द्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** 3 जनवरी यानी आज से मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर केन्द्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस खेल का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय फुटबॉल मैदान में होगा। केन्द्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी हेतु मुख्य पहान जगलाल द्वारा मैदान का शुद्धिकरण (सोसोपड़ा) किया गया। आज का पहला मैच दीपक ब्रदर्स बुढ़मू एवं लकड़ा ब्रदर्स फुटबॉल क्लब के साथ मुकाबला होगा। दूसरा मैच मूटरु ब्रदर्स संग्रामपुर के साथ सतियारी टोली से मुकाबला होगा। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव अशोक मुंडा, महासचिव महादेव टोप्पो, अमर टोप्पो ,शशि टोप्पो ,शंभू टोप्पो, सागर राणा, संदीप मंडल, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, मुकेश मुंडा, संतोष मुंडा ,आशीष मुंडा महादेव मुंडा व अन्य उपस्थित थे।

## छात्र संघ के चुनाव का न होना, लोकतंत्र के साथ मजाक:आरुषि

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय में पिछले सात साल से छात्र संघ के चुनाव का न होना लोकतंत्र का खुला मजाक है। छात्रों की आवाज दबाकर प्रशासन मनमानी चला रहा है। एनएसयूआई स्पष्ट मांग करती है कि बिना देरी छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं, क्योंकि लोकतंत्र से डरकर विश्वविद्यालय नहीं चलाया जा सकता। छात्रों को उनका संवैधानिक अधिकार तुरंत मिले।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**सं. एसएण्डटी -जेयू-32-2025-26**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे.,जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम** : NW रेलवे के JU डिवीजन के SZ स्टेशन पर MMLP टर्मिनल (CONCOR साइडिंग) के प्रावधान के संबंध में S&T से संबंधित कार्य हेतु **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रुपये 2,68,57,904/-(RO) **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता** : वरि.मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जौशी मार्ग जोधपुर **4. बयाना राशि (Bid Security)** : रूपये 2,84,300.00/- **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय** : 23.01.2026 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस पर 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **6. वैब साईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें।** : **www.ireps.gov.in नोट:-** यह एक ई टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले।

**01-CR/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

48 घंटे के भीतर इबरार अंसारी हत्याकांड का खुलासा

## पुलिस ने 4 आरोपियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**मेट्रो रेज**

**रांची :** रांची जिला पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में हुए एक हत्याकांड का मात्र 48 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। जिले के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार, गोली और मोटरसाइकिल बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि बुढ़मू थाना क्षेत्र में पियूस उर्फ इबरार अंसारी की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। मृतक का शव सरईदाह करमबोहा नदी पर बने रेलवे पुल के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक पाया गया था।

**पुलिस टीम का गठन और त्वरित कार्रवाईः** मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गठित टीम ने तकनीकी और अन्य गुप्त सूचनाओं के आधार पर गहन अनुसंधान शुरू किया। इसी दौरान, दो जनवरी को टीम को यह सूचना मिली कि कांड में सक्रिय अपराधी छापर बरवाटोली में मौजूद हैं। छापामारी दल ने तुरंत ग्राम छापर बरवाटोली में छापा मारकर दो आरोपियों, समीर अंसारी और साहिल टुडू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई सख्ती से पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। मुख्य आरोपी समीर अंसारी ने खुलासा किया कि उसने मृतक पियूस उर्फ इबरार अंसारी से लगभग छह महीने पहले ढाई लाख रुपये उधार लिए थे। मृतक लगातार पैसे वापस मांग रहा था और न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा था। इसी धमकी से परेशान होकर समीर ने अपने दोस्त साहिल टुडू और राम मुर्मू के साथ मिलकर पियूस उर्फ इबरार अंसारी को गोली मारकर हत्या कर दी और शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीसरे आरोपी राम मुर्मू को भी धर दबोचा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मेट्रो रेज**




**रांचीः** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आलोक में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के शुभारंभ अवसर पर आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय परिसर से आज सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, ओवर स्पीडिंग एवं नशे में वाहन चलाने से बचने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का थीम सीख से सुरक्षा है, जिसके तहत हम नागरिकों को यातायात नियमों की शिक्षा देकर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास।

इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं जीवन एवं संपत्ति की क्षति का प्रमुख कारण बन रही हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का थीम सीख से सुरक्षा है, जिसके तहत हम नागरिकों को यातायात नियमों की शिक्षा देकर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास करेंगे। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों एवं बाजारों में भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का सख़्ती से पालन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक राँची, राकेश सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची अखिलेश कुमार तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जैसे रैली, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार, वाहन जांच अभियान एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम इस अभियान को सफल बनाने में लगी हुई है।

### सड़क सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक श्री राकेश सिंह ने अपील की कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से सहयोग की उम्मीद है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और जीवन रक्षा हो।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग।**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना।**




**फोटो- जितेन्द्र रवानी**

(1.) महुदा थाना कांड सं0-83/24, spl(p)-01/2025, धारा-87 बी0एन0एस0 एवं 06 पोक्सो एक्ट, जी0आर0-1193/2022, एस0टी0-144/23, धारा- 324 भा0द0वि0 एवं (2.) गोविन्दपुर थाना काण्ड सं0-244/2021, Children Case-56/22, जी0आर0-360/24 के आलोक में सजा प्राप्त बंदी-जितेन्द्र रवानी, पे0-जटल रवानी, सा0-गोधर कुसुण्डा, थाना-केन्दुआडीह, जिला-धनबाद दिनांक- 31.12.2025 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग से फिरार हो गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी लोहसिंघना/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः-
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :- 9431706298
थाना प्रभारी लोहसिंघना, हजारीबाग :- 9031912390

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 369887 (Police) 25-26 (D)

एक्वा वर्ल्ड रिलायंस कार्निवल का छठा दिन

# किड्स फैशन शो में बच्चों ने रैंप पर दिखाया जलवा

- वैमस के मॉडल्स ने महिला सशक्तिकरण के थीम पर फैशन शो किया प्रस्तुत
- 'आ जा मेरी रिक्शा में बैठ जा' सेल्फी कंपटीशन में लोगों ने रिक्शा में बैठकर खूब पोज मारा








**मेट्रो रेज**

रांचीः एक्वा वर्ल्ड द्वारा नव वर्ष के अवसर पर आठ दिवसीय नव वर्ष मेला रिलायंस कार्निवल 2026 में छठे दिन का मुख्य आकर्षण किड्स फैशन शो था। किड्स फैशन शो में बच्चों ने रैंप पर जलवा दिखाया। बच्चों के विश्वास देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। इसके अतिरिक्त वैमस मॉडलिंग ग्रुप द्वारा महिला सशक्तिकरण की थीम पर फैशन शो का आयोजन किया गया। इस शो के निदेशक वसीम आलम थे । शो के जरिए महिलाओं पर हुए अलग तरह के अत्याचार को दिखाया गया और फिर बदलती तस्वीर का भी नजारा पेश किया गया।

### वैमस विशेष प्रस्तुति

निर्देशकः वसीम आलम,डिजाइनर : नीलिमा हस्सा पूर्ति,कोरियोग्राफर :श्वेता शर्णा,मॉडल:मीर मिनहाज उद्दीन,अमन कुंडू,जिया राज,प्रियांशी कुमारी,सत्य मिश्रा, जसविंदर सिंह गिल,मुक्ति पटेल,सोनाली राज,स्मिता कुमारी,ऋषिका उरांव, ऋषिका सिन्हा,पम्मी सिंह राजपूत,सोम्या कुमारी, अतीका तब्बुसम,भूमि मुर्मू,उषा मुंडा। इसके पहले मिस्ट्री बैग रेस, एंकर गेम, नंबर नखरा चेलेंज ,लाफ्टर चैलेंज, स्टैचू डांस शोडाउन , क्यू आर क्वेस्ट और रैप बैटल का भी आयोजन किया गया। 'आ जा मेरी रिक्शा में बैठ जा' सेल्फी का क्रेज रहा। परिसर में एक रिक्शा को लगाया गया था जिसमें लोगों को बैठ कर स्टाइल मार कर सेल्फी खींचना था। 1 जनवरी के बंपर लक्की ड्रॉ के विजेता मजीद आलम को निदेशक लोकेश कुमार ने एलईडी टीवी प्रदान किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा, विपुल नायक ,सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार,वसीम आलम,देव ज्योति नाहा,आनंद नायक, प्रदुमन, उदय, व अन्य उपस्थित थे।

### विजेता

किड्स फैशन शो: इशिता, तृषा, पूजा, रियांश, आदित्य, हनी ,
मिस्ट्री बैग रेस: कनिष, आर्यन
एंकर गेम : आर्यन, श्रेया
नंबर नखरा चैलेंज : रिया, सनी, पूर्वा
स्टेच्यू डांस : पूर्वा, फरहान।
रिलायंस कार्निवल में आज ट्रांसजेंडर फैशन शो:रिलायंस कार्निवल में 3 जनवरी को सामाजिक दायित्व के तहत ट्रांसजेंडर और दिव्यांग बच्चों का फैशन शो आयोजन किया है। शहर में यह ट्रांसजेंडर का पहला फैशन शो होगा। इसके अतिरिक्त नूडल्स कंपटीशन, क्लॉथ स्पिन फेस चैलेंज, मिरर मैडनेस ,यस या ना ट्रैप गेम,बिंदी आर्ट चैलेंज,ब्लाइंड ब्यूटी लिप चैलेंज,आदि का आयोजन होगा।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना ।**




**फोटो-देवा भईयां उर्फ देव कुमार भुईया**

(1.) कतरास थाना कांड सं0-216/2020, spl(p)-102/2020, धारा-366 भा0द0वि0 एवं 4(2) पोक्सो एक्ट, (2.) धनबाद थाना काण्ड सं0-302/2021, धारा-224/34 भा0द0वि0 एवं (3.) कतरास थाना काण्ड सं0-327/22, धारा-379/411/341 भा0द0वि0 के आलोक में सजा प्राप्त बंदी-देवा भईयां उर्फ देव कुमार भुईयां, पे0-शम्भू भुईयां, सा0-सेदरा 10 नं0, थाना -लोयाबाद, जिला-धनबाद, दिनांक-31.12.2025 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग से फिरार हो गया है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी लोहसिंघना/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

**सम्पर्क सूत्रः-**
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :- 9431706298
थाना प्रभारी लोहसिंघना, हजारीबाग :- 9031912390

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR.NO.369886 Police(25-26):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## निर्माण क्षेत्र में विकास की ठोस नींव

भारत की आर्थिक यात्रा का सबसे मजबूत स्तंभ पिछले एक दशक में बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्र का विस्तार रहा है। सड़कें, पुल, शहरी ढांचा, सिंचाई परियोजनाएं और ऊर्जा क्षेत्र इन सभी में अभूतपूर्व गति देखने को मिली है। यह गति ही देश में आज रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और समग्र आर्थिक स्थिरता का आधार बनी है। हाल ही में रेटिंग एजेंसी 'इंवेस्ट इंफारमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी' (आईसीआरए) की रिपोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय निर्माण क्षेत्र की आय में 8 से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। वस्?तुतः यह अनुमान भविष्य के प्रति विश?वास जगाता है कि मोदी सरकार की नीतिगत दिशा और क्रियान्वयन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज आईसीआरए का भारतीय निर्माण क्षेत्र के लिए ह्यस्थिरह्ल नजरिया बनाए रखना इस बात का संकेत है कि यह क्षेत्र आने वाले समय में संतुलित और टिकाऊ विकास की राह पर बना रहेगा। आर्थिक अनिश्चितताओं और वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद यदि कोई क्षेत्र स्थिर बना हुआ है, तब निश?चित ही उसके पीछे मजबूत नीतियां, दीर्घकालिक दृष्टि और प्रभावी प्रशासन की भूमिका जिम्?मेदार है। मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन मानते हुए जिस निरंतरता के साथ निवेश और परियोजनाओं को आगे बढ़ाया है, उसका असर आज इन अनुमानों में साफ दिखता है। वित्त वर्ष 2026 में जहां निर्माण क्षेत्र की आय वृद्धि 6 से 8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, वहीं वित्त वर्ष 2026-27 में इसके 8 से 10 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। यह सुधार मामूली नहीं है। यह दशार्ता है कि सरकारी परियोजनाओं, शहरी विकास योजनाओं और ऊर्जा व सिंचाई जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ता निवेश कंपनियों को नए अवसर प्रदान कर रहा है। ह्यप्रधानमंत्री गति शक्तिह्ल, शहरी बुनियादी ढांचे पर जोर और ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार जैसी पहलों ने निर्माण उद्योग को दीर्घकालिक काम का भरोसा दिया है। आईसीआरए के अनुसार, सड़क निर्माण से जुड़ी कंपनियों का प्रदर्शन कुछ कमजोर रह सकता है, जबकि शहरी बुनियादी ढांचा, सिंचाई परियोजनाएं और ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों की वृद्धि बेहतर रहने की संभावना है। यह तथ्य इस बात को रेखांकित करता है कि मोदी सरकार की विकास रणनीति एक क्षेत्र पर केंद्रित न होकर बहुआयामी है। शहरीकरण, जल प्रबंधन और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों पर जोर देकर सरकार ने निर्माण उद्योग के लिए विविध अवसर तैयार किए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जो निर्माण कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में काम करती हैं, उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी। इसके विपरीत जो कंपनियां केवल सड़क निर्माण या जल जीवन मिशन पर निर्भर हैं, उन्हें निकट भविष्य में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति सरकार की उस नीति को भी उजागर करती है, जिसमें विविध बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समान महत्व दिया गया है। इससे उद्योग को एक ही स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय व्यापक आधार मिला है, जिसे हम दीर्घकालिक स्थिरता के लिए आवश्यक मान सकते हैं। हालांकि वित्त वर्ष 2026 में निर्माण क्षेत्र की कुल आर्थिक बढ़त यानी ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) के 6.5 से 7.5 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2025 के 9.4 प्रतिशत से कम है, फिर भी इसे नकारात्मक संकेत नहीं माना जा सकता। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और आधार प्रभाव को देखते हुए इस "सकल मूल्य संवर्धन" में गिरावट स्वाभाविक है। महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय निर्माण क्षेत्र लगातार 12 तिमाहियों तक 7 प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि बनाए रखने में सफल रहा है। कहना होगा कि यह निरंतरता मोदी सरकार के अधोसंरचना-केंद्रित विकास मॉडल की मजबूती को दशार्ती है। साथ ही ये भी ध्?यान देने योग्?य है कि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निर्माण क्षेत्र की वृद्धि 7.2 प्रतिशत रही, जोकि पहली तिमाही के 7.6 प्रतिशत से थोड़ी कम थी। बावजूद इसके, यह स्तर बताता है कि क्षेत्र में मांग और गतिविधियां स्थिर बनी हुई हैं। लगातार ऊंची वृद्धि दर यह संकेत देती है कि सरकारी परियोजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। 30 सितंबर 2025 तक वित्त वर्ष 2025 की परिचालन आय के आधार पर ऑर्डर बुक-टू-बिलिंग अनुपात करीब 3.7 गुना रहा। यह अनुपात संतोषजनक माना जाता है, वहीं इससे ये भी पता चलता है कि आने वाले समय में कंपनियों के पास पर्याप्त काम मौजूद है। यह स्थिति तभी संभव होती है जब सरकार लगातार परियोजनाओं को मंजूरी दे और समयबद्ध तरीके से उन्हें आगे बढ़ाए। मोदी सरकार की परियोजना-आधारित योजना और निवेश का यही परिणाम है कि निर्माण कंपनियों के पास भविष्य के लिए स्पष्ट दृश्यता बनी हुई है। निर्माण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा काफी अधिक होने के बावजूद, आईसीआरए का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 और 2027 में कंपनियों का मुनाफा 10.3 से 10.8 प्रतिशत के बीच रह सकता है। कच्चे माल की कीमतों का स्थिर रहना और बेहतर प्रोजेक्ट प्रबंधन इसके प्रमुख कारण हैं। यह संकेत देता है कि उद्योग अब अधिक परिपक्व हो चुका है और सरकारी नीतियों ने लागत नियंत्रण तथा कुशल निष्पादन को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही ये भी मानना है कि निर्माण कंपनियों का नकदी प्रबंधन चक्र वित्त वर्ष 2026 में भी 2025 जैसा ही बना रहेगा। यह वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का संकेत है। समय पर भुगतान, परियोजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता जैसे पहलुओं पर सरकार के जोर ने उद्योग के नकदी प्रवाह को संतुलित बनाए रखने में मदद की है। इन सभी आधारों पर यह कहना होगा कि आईसीआरए की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि भारतीय निर्माण क्षेत्र एक मजबूत और संतुलित विकास पथ पर है। आय में संभावित वृद्धि, स्थिर नजरिया, संतोषजनक ऑर्डर बुक और मुनाफे का स्थायित्व वस्?तुतः ये सभी संकेत मोदी सरकार की बुनियादी ढांचा-केंद्रित आर्थिक रणनीति की सफलता को उजागर करते हैं। निर्माण क्षेत्र की मजबूती आर्थिक विकास को गति देती है साथ ही रोजगार, निवेश और समग्र विकास के लिए भी आधार तैयार करती है। आने वाले वर्षों में यदि यह रुझान बना रहता है, तब उस स्?थि?ति में ये कहना गलत नहीं होगा कि भारत का निर्माण क्षेत्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी आर्थिक उपलब्धियों में से एक बनकर उभरेगा।

# समुद्र की गहराइयों से उठती नारी शक्ति की गूंज

**राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक पनडुब्बी ह्यआईएनएस वाघशीरह्ल पर सवार होकर समुद्र की गहराइयों में प्रवेश किया, वह क्षण भारत के सैन्य इतिहास में प्रतीकात्मक मील का पत्थर बन गया।**

**योगेश कुमार गोयल**

भारत के सैन्य इतिहास में कुछ क्षण केवल घटनाएं नहीं, राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बन जाते हैं। पिछले दिनों जब भारत की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक पनडुब्बी ह्यआईएनएस वाघशीरह्ल पर सवार होकर समुद्र की गहराइयों में प्रवेश किया, वह क्षण भारत के सैन्य इतिहास में प्रतीकात्मक मील का पत्थर बन गया। उनकी यह यात्रा केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं थी बल्कि यह भारत की समुद्री शक्ति, रक्षा आत्मनिर्भरता, महिला नेतृत्व और हिंद महासागर क्षेत्र में देश की निर्णायक भूमिका का सशक्त प्रदर्शन थी। राष्ट्रपति मुर्मु न केवल भारत की पहली महिला राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने पनडुब्बी यात्रा की बल्कि इसका गहरा प्रतीकात्मक अर्थ यह है कि भारत अब तकनीकी, रणनीतिक और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर नया आत्मविश्वास अर्जित कर चुका है। लगभग 19 वर्ष पहले फरवरी 2006 में राष्ट्रपति ह्यमिसाइल मैनह्ल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक में समुद्री यात्रा की थी। तब से लेकर अब तक भारत का रक्षा परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। जो राष्ट्र तब विदेशी प्रणालियों पर निर्भर था, वह आज आत्मनिर्भरता और उन्नत तकनीकी क्षमता के साथ समुद्र की गहराइयों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा इस ऐतिहासिक निरंतरता को नया आयाम देती है। यह केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं बल्कि भारतीय राष्ट्रपति की एक सक्रिय, संलग्न और रणनीतिक भूमिका का प्रतीक है, जहां सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं उन चुनौतियों और अवसरों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करता है, जिनसे हमारे सशस्त्र बल प्रतिदिन जूझते हैं। आईएनएस वाघशीरह्ल प्रोजेक्ट-75 स्कॉर्पीन कार्यक्रम की छठी और अंतिम पनडुब्बी है, जो भारतीय नौसेना में जनवरी 2025 में शामिल हुई थी। इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस की कंपनी ह्यनेवल ग्रुपह्ल के तकनीकी सहयोग से किया। यह सहयोग अब केवल तकनीक हस्तांतरण का मॉडल नहीं रहा बल्कि ह्यमेक इन इंडियाह्ल की वास्तविक सफलता का उदाहरण बन चुका है। भारत आज न केवल जटिल नौसेना प्रणालियों को जोड़ने में सक्षम है बल्कि उनमें नवाचार करने की दिशा में भी अग्रसर है। तकनीकी रूप से वाघशीर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में गिनी जाती है। लगभग 67 मीटर लंबी और 1,565 टन वजनी यह पनडुब्बी 350 मीटर तक गोता लगाने और पानी के नीचे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम है। आईएनएस वाघशीर का उन्नत स्टील्थ डिजाइन इसे दुश्मन के सोनार और रडार से लगभग अदृश्य बनाता है। वायर-गाइडेड टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलें इसे दुश्मन के किसी भी युद्धपोत को ध्वस्त करने की क्षमता देती हैं। उच्च-संवेदनशील सोनार और रडार प्रणालियां इस पनडुब्बी को खुफिया जानकारी, निगरानी और विशेष अभियानों के लिए आदर्श प्लेटफॉर्म बनाती हैं। 50 दिनों तक समुद्र में तैनाती की क्षमता से यह लंबी अवधि के मिशन संचालित कर सकती है। सबसे भविष्यवादी तत्व इसकी मॉड्युलर संरचना है, जो इसे आने वाले वर्षों में ह्यएयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शनह्ल प्रणाली से लैस करने की सुविधा प्रदान करेगी। इस तकनीक के जोड़ने के बाद वाघशीर को सतह पर आए बिना लंबे समय तक गहराइयों में तैनात किया जा सकेगा, जिससे इसकी स्टील्थ और मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा कारवार स्थित आईएनएस कदंब नौसैनिक अड्डे से प्रारंभ हुई, जो भारत के समुद्री सामर्थ्य का केंद्र बन चुका है। ह्यप्रोजेक्ट सीबर्डह्ल के तहत विकसित यह अड्डा 45 वर्ग किलोमीटर में फैला विशाल सामरिक बेस है। पूर्ण निर्माण के बाद यह स्वेज नहर के पूर्व में पृथ्वी का सबसे बड़ा नौसैनिक अड्डा होगा, जहां 50 से अधिक युद्धपोतों को रखने की क्षमता होगी। यह आधार केवल एक सैन्य सुविधा नहीं बल्कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक है। यहां से भारत न केवल अपने समुद्री तट की सुरक्षा करता है बल्कि पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र पर सामरिक निगरानी भी रखता है। कारवार का विकास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की निर्णायक भूमिका के अनुरूप है, जहां व्यापारिक मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक नियंत्रण सब कुछ समुद्र पर निर्भर है। राष्ट्रपति की यात्रा का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा, जब उन्होंने पनडुब्बी में तैनात नौसैनिकों से संवाद किया। पनडुब्बी सेवा, सामान्य नौसैनिक जीवन से कहीं अधिक कठिन होती है, जहां सीमित स्थान, पूर्ण गोपनीयता, महीनों तक अंधकार और हर क्षण अप्रत्याशित खतरे रहते हैं। ऐसे वातावरण में राष्ट्रपति का स्वयं आकर सैनिकों का अभिवादन करना उनके मनोबल को अतुलनीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने नौसैनिकों के अनुशासन, तकनीकी दक्षता और त्याग की प्रशंसा करते हुए कहा कि ह्यभारतीय सैन्य शक्ति का असली आधार उसकी मानव शक्ति हैह्ल यह कथन भारत की उस सैन्य नीति को उजागर करता है, जो आधुनिक हथियारों जितनी ही ऊर्जा अपने जवानों की प्रतिबद्धता में देखती है। एक आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाली महिला, जो देश की सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं, उनका अत्याधुनिक पनडुब्बी में उतरना सांस्कृतिक परिवर्तन का प्रतीक भी है। भारत की सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। साल 2014 में जहां महिला अधिकारियों की संख्या लगभग 3,000 थी, वहीं आज यह 11,000 से अधिक हो चुकी है। साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद 500 से अधिक महिला अधिकारियों को स्थायी आयोग दिया गया। साल 2022 से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला कैडेट्स के प्रवेश से नए युग की शुरूआत हुई। राष्ट्रपति मुर्मु का सुखोई-30 एमकेआई, राफेल और अब पनडुब्बी में तीनों सशस्त्र शाखाओं का प्रत्यक्ष अनुभव, यह केवल नारी सशक्तिकरण का प्रतीक नहीं बल्कि यह संदेश भी है कि 21वीं सदी का भारत नेतृत्व को लिंग की सीमाओं से परिभाषित नहीं करता। उनकी यह यात्रा समाज की उस प्रेरणा का स्वर बन गई है, जो भारत की बेटियों को कहती है कि ह्यसमुद्र की गहराइयां भी तुम्हारे साहस से अपरिचित नहीं हैं। प्रोजेक्ट-75, जिसने वाघशीर जैसी पनडुब्बियों को जन्म दिया, भारत की तकनीकी स्वायत्तता की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। इसका उद्देश्य केवल छह पनडुब्बियां बनाना नहीं बल्कि भारत को पनडुब्बी निर्माण और डिजाइन की घरेलू क्षमता देना था। भारत अब अगले चरण ह्यप्रोजेक्ट-75 (आई)ह्ल की ओर बढ़ रहा है, जिसमें पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन और निर्माण पर ध्यान रहेगा। इससे भारत न केवल अपनी रक्षा जरूरतें पूरा करेगा बल्कि भविष्य में अन्य देशों को भी नौसैनिक प्लेटफॉर्म निर्यात करने में सक्षम होगा। यह मार्ग ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल की उस व्यापक सोच से जुड़ा है, जहां रक्षा उत्पादन को आर्थिक विकास, कूटनीति और तकनीकी नवाचार से जोड़ा गया है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हिंद महासागर क्षेत्र वह भौगोलिक परिसीमा है, जहां वैश्विक शक्ति-संतुलन तय हो रहा है। विश्व व्यापार का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं समुद्री मार्गों से गुजरता है। चीन की बढ़ती नौसैनिक सक्रियता, दक्षिण चीन सागर का तनाव और इंडो-पैसिफिक में भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को नया केंद्र बना दिया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# इंदौरः स्वच्छता की चादर से ढंकी गंदगी

**जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। अब दूषित पेयजल से हुई 10 से ज्यादा लोगों की मौत ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में क्यों असफल हो रहे हैं।**

**प्रमोद भार्गव**

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है लेकिन अब इसकी आई सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढंक दिया गया था। जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। अब दूषित पेयजल से हुई 10 से ज्यादा लोगों की मौत ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में क्यों असफल हो रहे हैं। मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है। क्योंकि हम बिना भोजन के जीवित रह सकते हैं लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइपलाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित पानी लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। लेकिन धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई। लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 1000 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा के जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से मिल रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुने जाते हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेबार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर अपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। लेकिन साफ है, भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं है, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं। इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल, भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायतें आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है। इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती। लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। दरअसल, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पेयजल पीने के लिए अभिशप्त हैं। दुनियाभर में हर साल 50 लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर असमय मौत के शिकार हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में मानकों के मुताबिक पानी की गुणवत्ता की जांच ही नहीं होती। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में लोगों को पेयजल मुहैया कराया जाता है। लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र के अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलबा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा भी बना रहे हैं। दरअसल, इन स्टील संयंत्रों में लोहे के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिये 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में तब तक बार-बार डुबोया जाता है, जब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं। बाद में बेकार तेजाब के मलबे की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी प्रदूषित होता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिये किया जाता है तो यह फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है।

पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां है, जो खराब तेजाब आसपास की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में मिलते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनका समाधान प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पद्मनाभस्वामी के 7वें द्वार से क्यों डरती है दुनिया

केरल के तिरुवनंतपुरम में भगवान विष्णु को समर्पित पद्मनाभस्वामी मंदिर स्थित है। यह मंदिर सदियों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है। लेकिन बीते कुछ दशकों में पद्मनाभस्वामी मंदिर की पहचान सिर्फ भगवान विष्णु के पवित्र मंदिर ही नहीं बल्कि रहस्यमयी मंदिर के रूप में भी हुई है। साल 2011 में जब पद्मनाभस्वामी मंदिर के 6 दरवाजों को खोला गया था, तब इसमें से बेशुमार खजाना निकला था। वहीं मंदिर के 7वें दरवाजे को खोले जाने को लेकर काफी ज्यादा विवाद हुआ। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने पद्मनाभस्वामी मंदिर के 7वें दरवाजे को खोलने से मना कर दिया। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस मंदिर में रखे खजाने की रक्षा अलौकिक देवता और नाग करते हैं। ऐसे में अगर कोई पद्मनाभस्वामी मंदिर के 7वें दरवाजे को खोलने की कोशिश करता है, तो उसके साथ कई अनिष्टकारी घटनाएं घट सकती हैं। वहीं कई लोगों को इस प्राचीन काल की मान्यता पर भरोसा है।



**पौराणिक मान्यता**

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक तहखाने के दरवाजे को सिर्फ वही पुजारी खोल सकता है, जिसका पास गरुड़ मंत्र के जप का सटीक ज्ञान हो। पद्मनाभस्वामी मंदिर का सातवां दरवाजा लकड़ी से निर्मित है। तहखाने के इस दरवाजे पर एक भव्य नाग की आकृति भी बनी हुई है।

मान्यता है कि पद्मनाथस्वामी मंदिर के इस दरवाजे की रक्षा स्वयं भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार नाग करते हैं। ऐसे में अगर कोई इस दरवाजे को खोलने का प्रयास भी करता है, तो किसी बड़ी अनहोनी होने की संभावना है। यह मंदिर अपनी शिल्प, बेहतरीन कला और भव्यता का प्रतीक है। पद्मनाथस्वामी मंदिर को केरल और द्रविड़ की मिश्रित स्थापत्य शैली में बनाया गया है।

पद्मनाभस्वामी मंदिर का निर्माण त्रावणकोर के राजाओं ने करवाया था। इस दौरान त्रावणकोर के राजा जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करते थे। त्रावणकोर के राजा ने अपनी संपत्ति और सबकुछ भगवान विष्णु को समर्पित कर दिया था।

वहीं 1750 में महाराजा मार्तंड वर्मा ने खुद को भगवान का दास बताया था। मान्यताओं के मुताबिक तब से इस मंदिर की देखरेख राजघराना करने लगा है। इस मंदिर में भगवान श्रीहरि विष्णु की 18 फीट लंबी प्रतिमा है। इसमें श्रीहरि शेषनाग पर शयन मुद्रा में हैं।

## टिप्स

### फेफड़ों को जहरीली हवा से कैसे बचाएं

अगर आप भी रोजाना जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। बाहर निकलते ही धूल, धुएं और जहरीले कणों से बच पाना मुश्किल है। ऐसे में फेफड़ों पर इसका सीधा असर पड़ता है। जिससे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, थकान और कमजोर इम्यूनिटी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में आपको घबराने की जरूरत नहीं है। भले ही हवा को पूरी तरह से आप साफ न कर सकें, लेकिन अपने शरीर को अंदर से मजबूत बना सकते हैं। रोजाना 60 सेकेंड का आसान और असरदार ब्रीदवर्क रूटीन फॉलो करके फेफड़ों को की क्षमता को बढ़ा सकती हैं। साथ ही पॉल्यूशन से होने वाले नुकसान से भी बचा सकती हैं। यह रूटीन न तो अधिक समय लेता है और न ही इसको करने के लिए किसी खास उपकरण की आवश्यकता होती है। ऐसे में आप ब्रीद वर्क रूटीन से अपने फेफड़ों को मजबूत बना सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने से फेफड़े मजबूत होते हैं और शरीर का इम्यून सिस्टम सही रहता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ब्रीद वर्क रूटीन कैसे करें और इसके क्या फायदे होते हैं।

**एयर पॉल्यूशन में फेफड़ों को ऐसे बनाएं मजबूत**

आप बाहरी माहौल को नहीं बदल सकते हैं, लेकिन शरीर को अंदरूनी मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। जब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तो बाहरी परेशानियों जैसे पॉल्यूशन का असर खुद ब खुद कम होने लगता है। योग विज्ञान में सांस को सिर्फ हवा नहीं बल्कि जीवित ऊर्जा माना गया है। वहीं प्राणायाम सांस को कंट्रोल करने की पुरानी तकनीक है। इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और सांस लेने की ताकत भी मजबूत होती है। आज के समय में अधिकतर लोग सांस लेते हैं, जिस कारण फेफड़ों का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाता है। वहीं बढ़ते पॉल्यूशन में यह आदत ज्यादा नुकसानदायक होती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



**देवघर :** शुक्रवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का देवघर आगमन हुआ। इसके पाश्चत राज्यपाल श्री गंगवार ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व तिर्थ पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया गया। इसके पश्चात राज्यपाल श्री गंगवार द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी। इसके अलावा पूजा-अर्चना पश्चात मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने राज्यपाल श्री गंगवार को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह व बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद प्रदान किया।

## राज्यपाल ने की बाबा फौजदारी की पूजा-अर्चना



**बासुकीनाथ :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर बाबा फौजदारी की पूजा- अर्चना की. बाबा नगरी बासुकीनाथ आगमन पर जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा सहित वरीय अधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने राज्यपाल श्री गंगवार को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री गंगवार ने बासुकीनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत उपायुक्त श्री सिन्हा द्वारा राज्यपाल श्री गंगवार को स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर( दिलीप बाबू). पूर्व राज्यसभा सांसद अभय कांत प्रसाद( बमबाबू) के अतिरिक्त जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नया साल में बड़ा डॉल्फिन मृत मिला



**साहिबगंज :** इन दोनों डॉल्फिन की लगातार मौत होती नजर आ रहे हैं। वही दूसरी ओर मदनशाही गंगा घाट किनारे मृत डॉल्फिन बरामद गंगा की गाय कही जाने वाली डॉल्फिन का गंगा में यू मृत मिलना क्या कारण हो सकता है ये स्थानीय लोगों ओर जिले वासियों में चर्चा का विषय। वन विभाग की टीम इस बड़ी सी मृत डॉल्फिन को अपने साथ तालझारी लेकर चली गई। जिला के गंगा क्षेत्र में अब तक 3 डॉल्फिन मृत मिल चुका है। नया साल में पहला डॉल्फिन वो भी बड़ा डॉल्फिन मृत मिला है। शहर के ओझा टोली घाट से चानन, मादनशाही, सकरीगली गंगा घाट सहित विभिन्न क्षेत्रों में डॉल्फिन अटखेलिया खेलती गंगा में नंगे आंखों से नजर आती है।

## जरूरतमंदों को कंबल, बच्चों को कॉपी, कलम, टॉफी बिस्किट सामग्रियों का वितरण



**साहिबगंज :** अखिल भारतीय ऊमर वैश्य समाज की महिला मंडल द्वारा नव वर्ष के अवसर पर ठंड को देखते हुए स्थानीय रसूलपुर दहला मोहल्ला के अटल मोहल्ला क्लीनिक प्रांगण में जरूरतमंदों को कंबल,बच्चों को कॉपी,कलम,टॉफी बिस्किट सामग्रियों का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरण किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कंचन कुमारी ने किया।इस मौके पर महिला मंडल की सचिव पिंकी मोदी,पूनम मोदी,ज्योति मोदी,रोजी,शालिनी गुप्ता,सुमित्रा,गुड़िया देवी, खुशबू सुकन्या चित्रलेखा मनीषा,प्रज्ञा,प्रीति,सीमा देवी,सोनपरी,रीना देवी,धर्मेश गुप्ता आनंद मोदी रोहित डीजे,राजू हरि आदि उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में एक सप्ताह से धान क्रय केंद्र बंद, किसान परेशान

**हरिहरगंज :** पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड में धान क्रय केंद्र एक सप्ताह से बंद होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हरिहरगंज में छह पैक्स केंद्र में धान की खरिददारी चल रही है, लेकिन गोदाम में धान रखनें की जगह नहीं होने के कारण धान क्रय केंद्र बंद है। किसान धान बेचने के लिए केंद्र पहुंचकर जानकारी लेने के बाद लौट रहे हैं। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने भी धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर संचालकों को कई सख्त निर्देश दिया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि हरिहरगंज में सेमरबार, खड़गपुर, खाप कटैया, डेमा, अररूआ खुर्द एवं हरिहरगंज पूर्वी पैक्स केंद्र में धान की खरिददारी हो रही है। गोदाम में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण एक सप्ताह से धान खरीद बंद है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में 963 निबंधित किसान है जिसमें 348 किसानों को एसएमएस के माध्यम से धान बेचने के लिए मैसेज भेजा गया है।

# वाहन चालकों को गुलाब का फूल और माला पहनाकर सम्मानपूर्वक किया गया जागरूक

संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ2026 के अवसर पर जिला परिवहन विभाग, साहिबगंज द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रोड एट रोड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के व्यवहार में सका रात्मक परिवर्तन लाना और उन्हें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान वाहन चालकों को गुलाब का फूल माला पहनाकर सम्मानपूर्वक जागरूक किया गया और उनसे अपील की गई की सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें, हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग करें, निर्धारित यातायात मानकों का पालन करें, तीन पहिया वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएँ,कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, स्वयं एवं दूसरों के अनमोल जीवन की सुरक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर के प्रावधानों के तहत जुमार्ना लगाया जाएगा।जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों के बीच हैंडबिल, बुकलेट, पंपलेट एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रपत्रों का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा,जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह,रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर,आईटी सहायक राजहंस,साथ ही सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



# दर्दनाक सड़क हादसा में तीन की मौत, कई घायल

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी की तोड़ फोड़

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** सुबह बरहेट बरहरवा मुख्य मार्ग में ऑटो और टैंकर की जोरदार भिड़ंत से भीषण सड़क दुर्घटना हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार बरहेट की ओर से यात्रियों से भरी ऑटो बरहरवा की ओर आ रही थी जबकि टैंकर बरहरवा से तेल खाली कर बरहेट की ओर जा रही थी,इसी दौरान डाँड़ पुल छोटा रांगा के पास दोनों की आमने सामने भीषण टक्कर होने पर ऑटो में सवार यात्रियों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी यात्री डहुआ जोर



चौक पर उतरने वाले थे।परन्तु उससे पहले की ये दुःखद हादसा हो गया।घायलों को अलग अलग स्थानों पर आनन फानन में इलाज के लिए भेजा गया है,वहीं रांगा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज में लापरवाही को लेकर आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर हो हल्ला मचाया और तोड़ फोड़ करने लगी,ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं थी एवं चिकित्सक भी उपस्थित नही थे।इलाज में लापरवाही हुई जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण हों गया।सूचना मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में बरहरवा एवं रांगा थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर माहौल को शांत कराया,इस दौरान पुलिस मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास कर रही थी परंतु ग्रामीणों ने विरोध करते हुए रोक दिया।मृतकों की पहचान घटियारी निवासी नंदनी सोरेन 30 वर्ष डाहुजोर निवासी शांति हेम्ब्रम 6 वर्ष बड़ा रांगा निवासी समरा साह 30 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## राज्य क्रिकेट टीम की सफलता का गवाह बना साहिबगंज

संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के सिदो-कान्हू स्टेडियम में शुक्रवार को देश की प्रतिष्ठित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आगमन पर जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह,डीडीसी सतीश चंद्रा,जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा सहित अन्य ने शिरकत की।इस कार्यक्रम के साथ ही साहिबगंज राज्य क्रिकेट टीम की सफलता का गवाह बन गया।कार्यक्रम में शामिल अतिथियों जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों सदस्यों,क्रिकेटरों ने इस गौरवांवित करने वाले पल को आत्मसात किया।इसके पूर्व जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने क्रिकेट खिलाड़ियों को उभारते हुए कहा कि राज्य क्रिकेट टीम की सफलता सभी क्रिकेटरों को प्रेरित करने वाली है।इससे सभी क्रिकेटरों को सबक हासिल कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।प्रतिस्पर्धा के इस दौर में सफलता के लिए मेहनत की एक



रास्ता है।डीडीसी सतीश चंद्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के सभी जिलों में ट्रॉफी का भ्रमण खिलाड़ियों को मेहनत करने व राज्य टीम में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा।मेहनत ही सफलता की गारंटी है।जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि बीसीसीआई से आयोजित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भारतीय खिलाड़ियों को टी 20 फॉर्मेट में अपनी प्रतिभा दिखाने और आईपीएल व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। झारखंड ने पहली बार इस ट्रॉफी जीत कर इतिहास रच दिया है।वहीं झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने इस ट्रॉफी को पूरे राज्य में भ्रमण करा क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रेरित किया है।यह ट्रॉफी झारखंड क्रिकेट की ऐतिहासिक उपलब्धि,खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत एवं राज्य की प्रतिभा का प्रतीक है।इससे जिला के क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।मंच का संचालन डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने किया। मौके पर डॉ रंजन,डॉ सुमित,चेतन भरतिया, जयप्रकाश सिन्हा, आफताब आलम, गोपाल चोखानी, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश गुप्ता, मो अशफाक आलम, राकेश रोशन, श्याम रंजन तिवारी,चंदन यादव, रवि, अनिकेत, अंकित, चंदन सहित दर्जनों क्रिकेटर, खिलाड़ी व क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

# पर्यावरण से संबंधित कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना जरूरी है : अखिल कुमार

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के निदेर्शानुसार और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा की राष्ट्रव्यापी पहल प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टुमारो के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में पर्यावरण कानूनी साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सीयुएम-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संबंध में प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण से संबंधित कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना सरल व किफायती निवारक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना समुदायों, विशेषकर कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके अधिकारों



व उपलब्ध शिकायत-निवारण तंत्रों की जानकारी से सशक्त बनाना है।शिविरों में लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स द्वारा प्रतिभागियों को बढ़ते प्रदूषण स्तर से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों,वायु गुणवत्ता संकेतकों की समझ, कम लागत वाले निवारक उपायों जैसे पुनः प्रयोज्य कपड़े के मास्क का उपयोग,अत्यधिक प्रदूषण वाले समय में बाहरी गतिविधियों से बचावएवं इनडोर स्थानों को सुरक्षित रखने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।यह पहल नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण में उनकी सक्रिय भूमिका के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र से परिचित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज द्वारा ऐसे कार्यक्रम आगे भी सतत रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## पाइप लाइन से गंदा पानी आपूर्ति की समस्या का नहीं निकल पा रहा है निदान

### घरों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी आपूर्ति होती है, उन्हे भी स्वच्छ पानी आपूर्ति नहीं हो रही है

संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर के 35 वार्डो में आधे से अधिक वार्ड में पाइप लाइन से जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। वहीं जिन वार्ड के निवासियों के घर में पाइप लाइन के माध्यम से पानी आपूर्ति होती है, उन्हे भी स्वच्छ पानी आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके कारण इंदौर जैसे हादसे का खतरा बना हुआ है। मेदिनीनगर के कोर सिटी के अलावा उपनगरीय क्षेत्र में भी जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त होने से परेशानी बनी हुई है। मेदिनीनगर सिटी के रेड़मा मोहल्ले में गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या दूर नहीं हो सकी। जिला स्कूल चौक, हमीदगंज के चेयरमैन रोड की मोड़, विनय मोड़ के पास भी जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण गंदा पानी पाइप में प्रवेश कर जाता है।

इससे घरों तक गंदा पानी पहुंच जाता है। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर लगातार मुखर रहे सामाजिक कार्यकर्ता परशुराम ओझा ने बताया कि नगर निगम प्रबंधन की उदासीनता के कारण क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहरवासियों को गंदा पानी की आपूर्ति लगातार हो रही है। इसके कारण अधिकांश परिवार पाइप लाइन से मिलने वाले पानी का उपयोग पीने के लिए करने से पूर्व उसे फिल्टर करते हैं। इसके लिए घरों में आरओ या अन्य फिल्टर लगाकर रखे हैं। दुखद है प्रशासन शिकायत के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं लेता है। नगर निगम के पाइप लाइन इंस्पेक्टर छोटे लाल गुप्ता ने बताया कि जिन मोहल्ले में पाइप लाइन से गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है और सिपेज पकड़ में नहीं आ रहा है। इसमें रेड़मा मोहल्ला सबसे प्रमुख है। संबंधित मोहल्ले में प्राथमिकता के आधार पर फेज-2 के तहत पाइप लाइन बिछवाया जा रहा है। इससे अगले कुछ महीने में निदान निकलने की उम्मीद है।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ को रवाना

संवाददाता

**दुमका :** 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को दुमका जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिले के

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजनों का यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की थीम सीख से सुरक्षा, तकनीक से परिवर्तनह्व निर्धारित की गई है। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य की ओर ले जाया जा सके। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि पूरे माह जिलेभर में विभिन्न जागरूकता एवं प्रवर्तन गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी, जिनमें प्रभात फेरी, स्वास्थ्य जांच



शिविर, ड्रंक एंड ड्राइव अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं, गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट उपयोग पर जागरूकता, तथा यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष अभियान शामिल हैं।

उन्होंने संबंधित विभागों, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कल दिनांक 3 जनवरी को बस स्टैंड में बस चालक, कंडक्टर सहित परिवहन से संबंधित कर्मियों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2026 की जर्सी लॉन्च की, विकेट पल्स थीम से झलकी मुंबई की रफ्तार

एजेंसी

**मुंबई :** डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। फ्रेंचाइजी की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई जर्सी एक बार फिर मुंबई शहर और उसके लोगों से प्रेरित है, जो हमेशा गतिशील, ऊर्जा से भरपूर और आगे बढ़ते रहने का प्रतीक है। टीम की पहचान की तरह ही यह जर्सी भी रोजमर्रा की मुंबई की लय को दशार्ती है, जो कभी थमती नहीं। इस सीजन में भी आइकॉनिक ब्लू और गोल्ड रंगों को बरकरार रखा गया है, जिनके साथ कोरल टच जोड़ा गया है। ये रंग गति, मजबूती और निरंतर आगे बढ़ने की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। नई जर्सी की मुख्य थीम ह्वविकेट पल्सह्व है। जर्सी के आगे और पीछे सजा नीला रंग मुंबई की लगातार चलती ज़िंदगी से प्रेरित है–चाहे वह लोकल ट्रेन की रफ्तार हो या समंदर की लहरें। यह उस कभी न रुकने वाले जज्बे को दशार्ता है, जो



मुंबई और मुंबई इंडियंस दोनों की पहचान है। वहीं सुनहरा रंग आत्मविश्वास और निरंतरता का प्रतीक है, जबकि हल्के कोरल एक्सेंट मुंबईवासियों के आपसी अपनापन और की भावना को खास बनाते हैं। यह जर्सी सिर्फ एक किट नहीं, बल्कि एक कहानी है–एक शहर और उसके लोगों की, उन खिलाड़ियों की जो इस धड़कन को मैदान पर जीते हैं और मुंबई इंडियंस पलटन के उस अटूट समर्थन की, जिसकी ऊर्जा टीम को मैदान के अंदर और बाहर प्रेरित करती है। इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर बीम्स 2017 वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं। अपने करियर में उन्होंने 1 टेस्ट, 30 वनडे, 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय और 45 डब्ल्यूबीबीएल मैच खेले। कोचिंग के क्षेत्र में भी उनका अनुभव शानदार रहा है–वह डब्ल्यूबीबीएल और द हंड्रेड में कोचिंग कर चुकी हैं, ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 महिला टीम की कोच रही हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका निभा चुकी हैं। बीम्स ने कहा, ह्झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी के साथ काम करना मेरे लिए एक शानदार मौका है। यह टीम सिर्फ जीतने की संस्कृति नहीं, बल्कि एक परिवार जैसी है। एक कोच के तौर पर ऐसे माहौल में आना किसी भी व्यक्ति का सपना होता है, जहां टीम एकजुट हो और जीतना जानती हो।ह्व

## एशेजः सिडनी टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 12 सदस्यीय टीम घोषित, शोएब बशीर को मौका

एजेंसी

**सिडनी :** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। यह मुकाबला 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। एशेज सीरीज के इस निर्णायक टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में दो बदलाव किए गए हैं। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया गया है। 22 वर्षीय शोएब बशीर ने 2024 में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। अब तक वह 19 टेस्ट मैचों में 68 विकेट ले चुके हैं, उनका औसत 39.00 का रहा है। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम दो बार चार विकेट हॉल और चार बार पांच विकेट हॉल दर्ज हैं। खास बात यह है कि मौजूदा एशेज सीरीज में यह पहली बार है जब इंग्लैंड ने किसी विशेषज्ञ स्पिनर को टीम में चुना है। इससे पहले ऑलराउंडर विल जैक्स ही टीम के एकमात्र स्पिन विकल्प थे। वहीं 27 वर्षीय तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स ने जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में टेस्ट डेब्यू किया था। अब तक खेले गए 10 टेस्ट मैचों में पॉट्स ने 29.44 की औसत से 36 विकेट



चटकाए हैं, जिसमें दो चार विकेट हॉल शामिल हैं। मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराने वाली टीम से तेज गेंदबाज गस एटकिंसन इस बार बाहर हैं। एटकिंसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। उधर, पांचवें टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ओपनर उस्मान ख्वाजा ने पुष्टि की है कि वह सिडनी टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 39 वर्षीय ख्वाजा ने 87 टेस्ट मैचों में 6,206 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। उनका टेस्ट औसत 43.39 का रहा है।

**पांचवें एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः**

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग।

## कृति खरबंदा ने व्हाट्सएप धोखाधड़ी को लेकर अपने फैंस को दी चेतावनी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हाल ही में एक गंभीर साइबर धोखाधड़ी मामले को लेकर अपने फैंस और फॉलोअर्स को सतर्क किया है। अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति व्हाट्सऐप पर उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से संपर्क कर रहा है। इस पहचान की चोरी की जानकारी कृति ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए साझा की। कृति ने संदिग्ध व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए साफ किया कि वह नंबर उनका नहीं है। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'यह ठीक नहीं है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। यह मेरा नंबर नहीं है। किसी और की पहचान बनकर सामने आना साफ तौर पर पहचान की चोरी है। सतर्क रहें।' अभिनेत्री की यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है जब सेलिब्रिटीज और सार्वजनिक हस्तियों के नाम पर ऑनलाइन ठगी और झूठी पहचान का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अक्सर ऐसे फर्जी अकाउंट्स का मकसद लोगों को गुमराह करना, निजी जानकारी हासिल करना या पैसों की ठगी करना होता है।



समय रहते इस मामले को उजागर कर कृति ने अपने फैंस को संभावित धोखाधड़ी से बचाने की कोशिश की है। हालांकि कृति की पोस्ट पर फैंस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उन्हें जानकारी देने के लिए धन्यवाद कहा। कई यूज़र्स ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते दुरुपयोग को लेकर न सिर्फ चिंता जताई है, बल्कि ऑनलाइन ठगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। हालांकि कृति खरबंदा ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है या नहीं, लेकिन उनका संदेश ऑनलाइन सतर्कता की अहमियत को ज़रूर रेखांकित करता है। साइबर एक्सपर्ट्स भी सलाह देते हैं कि किसी भी संदिग्ध अकाउंट की पुष्टि किए बिना उस पर भरोसा न करें, निजी या वित्तीय जानकारी साझा न करें और ऐसी गतिविधियों की तुरंत संबंधित प्लेटफॉर्म पर शिकायत करें।



## डिप्रेशन के बाद मोटापे पर आमिर की लाडली ने रखी राय

सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आयरा खान काफी वोकल हैं। वह अक्सर कई मुद्दों पर अपनी बार रखती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने बॉडी इमेज को लेकर अपनी मुश्किलों के बारे में बात की है। अपने विचारों को शेयर करते हुए, उन्होंने माना कि इन भावनाओं का सामना करना डरावना है। आयरा ने एक वीडियो में बताया है कि उन्होंने अपने अंदर एक छोटा बदलाव देखा है जिसने उन्हें इस बारे में बात करने की प्रेरणा दी है।

मोटापे से जूझ रहीं आयरा

आयरा ने बताया 'हां, मैं मोटी हूं। 2020 से मैं अनफिट होने और मोटापे के बीच झूल रही हूं। इसके बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है। निश्चित रूप से ऐसी बहुत सी बातें हैं, जिन्हें मुझे अभी भी समझने की जरूरत है। मुझे लगता है कि कम से कम थोड़ा सा बदलाव हुआ है, इसलिए मैंने इसके बारे में बात करने का फैसला किया। हो सकता है कि मैं उतनी साफ न बोल पाऊं जितनी मैंने अपने डिप्रेशन के बारे में बात करते समय बोला था।



## अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा कुरैशी

**शेयर किया अपना प्लान, बोलीं- 'मैं नए साल पर...**

नया साल आने में एक दिन शेष हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। बातचीत में हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।'

## त्रिधा चौधरी ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट से बनाई दूरी

**अभिनेत्री** त्रिधा चौधरी हाल ही में फिल्म 'किस किस को प्यार करूं-2' में नजर आई थीं। अभिनेत्री ने हाल ही में समाचार एजेंसी से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह अलग-अलग फिल्म को बहुत सोच समझकर चुनती हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि हॉलीवुड से एक अच्छा ऑफर मिला था, लेकिन बोल्ड सीन्स करने से उन्हें बाकी जगह से ऑफर ठुकरा दिए जाते। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे अच्छी तरह से पता था कि ऐसे सीन करने से मेरा भविष्य प्रभावित हो सकता है। खासकर बॉलीवुड और अन्य भारतीय इंडस्ट्री में मौके कम हो जाते हैं। अभिनेत्री ने समझाया कि बोल्ड सीन करने से उन्हें एक खास तरह की इमेज मिल जाती है। इससे कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल सकते थे। वे नहीं चाहती थीं कि एक प्रोजेक्ट की वजह से उनका लंबे समय का करियर खतरे में पड़ जाए। उन्होंने कहा, 'अगर मैं हॉलीवुड में एक ऐसा प्रोजेक्ट करती, जिसमें बोल्ड सीन्स होते, तो इससे मेरे कई अन्य प्रोजेक्ट्स रुक जाते हैं। मुझे यह पहले से पता था। यही वजह थी कि मैंने पहले से हॉलीवुड में कदम रख लिया है, तो अलग तरीके से आगे बढ़ सकती हूं, लेकिन सिर्फ एक प्रोजेक्ट के लिए बॉलीवुड या कहीं और का अपना लंबा सफर जोखिम में नहीं डालूंगी। '

त्रिधा हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थी। फिल्म में कपिल और त्रिधा के अलावा, आयशा खान, पारुल गुलाटी और हीरा वरीना मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अखिलेंद्र मिश्रा कपिल शर्मा के पिता के रोल में हैं। उन्होंने फिल्म के सबसे मजेदार पल दिए हैं।





## निमरत ने कौर मांगा आशीर्वाद



**फिल्म** और वेब सीरीज की चमक-दमक भरी दुनिया में रहने वाले सितारे अक्सर चर्चाओं में बने रहते हैं, कभी प्रोजेक्ट्स को लेकर, तो कभी निजी जिंदगी को लेकर। इस कड़ी में अभिनेत्री निमरत कौर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर वेकेशन को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने प्रसिद्ध शंकराचार्य मंदिर में पूजा-अर्चना की और आने वाले साल के लिए शुभकामनाएं मांगीं। निमरत कौर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें शंकराचार्य मंदिर की भव्यता और आसपास की प्राकृतिक सुंदरता की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो के साथ निमरत ने एक भावुक कैप्शन भी लिखा। अभिनेत्री ने कहा, 'यह 2025 का आखिरी सोमवार था, और ऐसे पवित्र दिन पर भगवान शिव के दर्शन करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। उन्होंने लिखा, ''इस साल मुझे जो भी आशीर्वाद और मौके मिले, उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं और भगवान शिव की कृपा से आने वाला साल सभी के लिए सकारात्मक और उज्ज्वल हो। वीडियो में निमरत कौर को बेहद सादगी भरे अंदाज में देखा जा सकता है।

### निमरत कौर ने अपने प्रशंसकों के साथ मुलाकात भी की

मंदिर यात्रा के दौरान निमरत कौर ने अपने प्रशंसकों के साथ भी मुलाकात की। वीडियो में वह फैंस के साथ सेल्फी लेती हुई और उनसे बातचीत करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक तरफ निजी जिंदगी में वह वेकेशन का लुत्फ उठा रही हैं, तो वहीं पेशेवर जिंदगी में वह हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'द फैमिली मैन सीजन 3' में अपने किरदार मीरा को मिल रही सराहना का आनंद ले रही हैं। सीरीज में वह नेगेटिव किरदार में नजर आई थी।



## रितेश देशमुख ने साझा की सलमान के बर्थडे की इनसाइड फोटो

**भाऊ का दिखा फनी अंदाज; साथ में नजर आया ये साउथ स्टार**

**सलमान** खान का जन्मदिन बीते तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन बर्थडे पार्टी की तस्वीरें अभी भी सामने आ रही हैं। अब रितेश देशमुख ने बर्थडे की एक इनसाइड फोटो साझा की है। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अब 60 साल के हो चुके हैं।

बीते 27 दिसंबर को अपने पनवेल फॉर्महाउस पर सलमान खान ने अपना जन्मदिन मनाया। अब पार्टी की कई इनसाइड तस्वीरें धीरे-धीरे सामने आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर ये पता चलता है कि सलमान ने अपनी बर्थडे पार्टी में जमकर मस्ती की और सबके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। इसी तरह से रितेश देशमुख ने भी बर्थडे पार्टी की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में सलमान के साथ साउथ सुरस्टार राम चरण भी मस्ती में पोज करते नजर आ रहे हैं।

इसके साथ ही रितेश ने एक प्यारा सा कैप्शन भी लिखा है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। सलमान के जन्मदिन की पार्टी के दौरान ली गई इस तस्वीर में सलमान के साथ रितेश देशमुख और बाकी लोग नजर आ रहे हैं। सभी तस्वीर में कैमरे की तरफ देखते हुए एक मस्ती भरा पोज दे रहे हैं।

## दृश्यम 3 के डायरेक्टर ने अक्षय खन्ना को दी चुनौती

**अक्षय** खन्ना और दृश्यम 3 के मेकर्स के बीच में शुरू हुआ विवाद अब बढ़ता दिखाई दे रहा है. बीते दिनों मेकर्स ने अक्षय खन्ना पर लीगल एक्शन लेने की बात कही थी. वहीं, अब दृश्यम 3 के डायरेक्टर ने अक्षय खन्ना को एक चैलेंज दे डाला है. बॉलीवुड के वर्सटाइल एक्टर अक्षय खन्ना 'धुरंधर' की रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में छाए हुए हैं.

हर कोई फिल्म में उनकी दमदार एक्टिंग, डायलॉग डिलीवरी और ड्रांस मूव्स की तारीफ कर रहा है. लेकिन धुरंधर के बाद से अक्षय खन्ना विवाद में भी घिर गए हैं. उन्होंने अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' से किनारा कर लिया है. इसके बाद से अक्षय खन्ना और फिल्ममेकर्स के बीच विवाद हो गया है. 'दृश्यम 3' के मेकर्स ने अक्षय खन्ना पर गलत तरीके से फिल्म को छोड़ने का आरोप लगाया. इसके साथ ही, एक्टर को लीगल नोटिस भी मेकर्स भेज चुके हैं. दृश्यम के मेकर्स और अक्षय खन्ना के बीच ये विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. अब 'दृश्यम 3' के डायरेक्टर ने अक्षय खन्ना को एक चुनौती दे दी है.पाठक ने अक्षय खन्ना को चैलेंज

### अभिषेक पाठक का अक्षय को चैलेंज

दिया कि वो एक सोलो (अकेले हीरो वाली) फिल्म बनाएं. साथ ही, अक्षय के अचानक फिल्म छोड़ने पर अजय देवगन के रिएक्शन का भी खुलासा किया है. अभिषेक पाठक ने ईटाइम्स को बताया, 'अजय ने इसे मामले को पूरी तरह से मुझ पर छोड़ दिया था. वैसे, ये सब मेरे अक्षय और प्रोडक्शन से जुड़ा है इसलिए मैं इस पहलू को छोड़ देना चाहूंगा कि हमने इस मामले को कैसे सुलझाया.

ये सब नवंबर में कॉन्ट्रैक्ट साइन होने के बाद हुआ. फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पांच दिन पहले उन्होंने फिल्म छोड़ दी. उनका लुक भी फाइनल हो चुका था, कॉस्ट्यूम बन रही थी, नेरेशन भी हो चुका था और उन्हें कहानी बहुत पसंद आई थी.



हर-हर गंगे के जयकारे के साथ संगम पर शुरू हुआ पौष पूर्णिमा का स्नान, एक माह के कल्पवास का शुभारंभ

# पौष पूर्णिमा स्नानकर कल्पवासी साधना शुरू करेंगे

एजेंसी

**प्रयागराज :** विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज माघ मेला का पौष पूर्णिमा स्नान शुभ मुहूर्त में शनिवार भोर से हर-हर गंगे के जयघोष के साथ स्नान शुरू हो गया। श्रद्धालु पतित पावनी मां गंगा एवं यमुना और अन्तः सलीला के पावन संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इस शुभ स्नान के साथ ही एक माह तक चलने वाले कल्पवास का शुभारंभ भी हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पौष पूर्णिमा के स्नान के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। भोर होते ही संगम तट पर जयकारों का शोर गूंजने लगा था। कड़ाके की सर्दी में भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। कल्पवासियों ने भी शिविरों में डेरा डाल दिया। माघ मेला प्रभारी ऋषिराज और पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज पांडेय ने बताया कि पतित पावनी मां गंगा, यमुना और अन्त सलीला सरस्वती के पावन तट पर श्रद्धालु शुभमुहूर्त में हर-हर गंगे के साथ आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। श्रद्धालु सभी घाटों पर स्नान कर रहे हैं। स्नानार्थियों की बड़ी संख्या देखी जा रही है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र में पुलिस, केंद्रीय बल, जल सुरक्षा, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन एवं तकनीकी इकाइयों की व्यापक एवं बहु-स्तरीय संख्यात्मक तैनाती की गई है। यहां 7 अपर पुलिस अधीक्षक एवं 14 पुलिस उपाधीक्षक पुलिस अधीक्षक, माघ मेला के अधीन कार्यरत हैं। सिविल पुलिस के अंतर्गत 29 निरीक्षक, 221 पुरुष उपनिरीक्षक, 15 महिला उपनिरीक्षक, 1593 पुरुष मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी तथा 136 महिला मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी की तैनाती की गई है।

## सबका सम्मान-जीवन आसान के उद्देश्य से सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू किया: मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेकहा कि राज्य में समाज के हर वर्ग के लोग सम्मान के साथ आसानी से जीवन व्यतीत कर सकें इसे लेकर हमलोगों ने गंभीरता से कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में वर्ष 2025 से 2030 के लिए राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ह्यसबका सम्मान-जीवन






आसानह्न का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करना तथा उनके जीवन को और भी आसान बनाना है।

सबसे पहले हमलोगों की कोशिश है कि राज्य के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को जरूरत के समय उनके घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इसमें नर्सिंग सहायता की सुविधा, घर पर ही पैथोलॉजी जांच की सुविधा, ब्लड प्रेशर जांच और ईसीजी जांच की सुविधा, फिजियोथेरेपी की सुविधा और आपातकालीन स्थिति में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता मिल सके। नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित सभी सुविधाएं घर पर ही मिल सकें, इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग को तेजी से काम करने का निर्देश दिया है। राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने हेतु और क्या-क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसे चिह्नित किया जाना भी आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना: चयनित अभ्यर्थियों को 10 जनवरी तक कोचिंग संस्थानों में देनी होगी उपस्थिति



जयपुर, 03 जनवरी (हि.स.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत सत्र 2025-26 के लिए जारी मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 10 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से आवंटित कोचिंग संस्थानों में उपस्थित होना होगा। तय समय सीमा में ज्वॉइन नहीं करने पर अभ्यर्थियों की दावेदारी प्रभावित हो सकती है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के लिए कोचिंग संस्थानों में ज्वॉइनिंग की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आईडी पर प्रदर्शित कोचिंग संस्थान एवं कोचिंग सेंटर पर निर्धारित तिथि तक उपस्थिति देनी होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज की प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिनका विभागीय जिलाधिकारियों द्वारा जांच एवं सत्यापन के बाद अनुमोदन किया गया।

### श्रीनगर में बिजली के कंबल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**श्रीनगर :** श्रीनगर के सेक्टर 8 स्थित एचएमटी शाह विलायत कॉलोनी में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को लगी आग पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं द्वारा काबू पा लिया गया है। समय पर कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के अधिकारियों के अनुसार बिजली के कंबल में शॉर्ट सर्किट के कारण तीन मंजिला आवासीय भवन में आग लग गई। दमकल अभियान शुरू किया गया और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया जिससे आग भवन के अन्य हिस्सों में फैलने से बच गई। शीतलन अभियान से पहले किए गए प्रारंभिक आकलन से पता चला कि आग बिजली के कंबल में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी जिससे चिंगारी निकली और आग लग गई। दमकल अभियान अग्निशमन प्रभारी महराज उद शाह के नेतृत्व में चलाया गया और उप निदेशक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं डॉ. मीर अकीब हुसैन और मोबिलाइजिंग अधिकारी एजाज अहमद शाह की देखरेख में हुआ। इससे पहले जारी एक सलाह में एडीजीपी आलोक कुमार ने जनता से आग्रह किया था कि वे घटिया गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिक कंबलों का इस्तेमाल न करें, खासकर रात के समय क्योंकि इनसे आग लगने का गंभीर खतरा होता है।

## राजस्थान में घना कोहरा और कड़ाके की सर्दी, कोटा-झालावाड़ हाईवे पर बस पलटी, 30 से ज्यादा घायल

एजेंसी



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकांश जिले शनिवार को घने कोहरे और भीषण सर्दी की चपेट में रहे। कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ तो वहीं सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया। शनिवार सुबह कोटाझ्झालावाड़ हाईवे पर धुंध के कारण एक स्लीपर बस पलट गई। हादसे में 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारु कराया। मौसम विभाग ने सीकर, हनुमानगढ़ सहित करीब 10 जिलों में घने कोहरे और कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। सीकर में न्यूनतम तापमान गिरकर 1.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि नए साल में पहली बार प्रदेश में 0 डिग्री तापमान भी मापा गया। शेखावाटी अंचल में मावठ के बाद सर्दी और तेज हो गई है।

पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में शुक्रवार को लंबे समय बाद दिन का तापमान जमाव बिंदु यानी शून्य डिग्री पर आ गया। दिसंबर बीतने के बाद अब आबू में बर्फ जमने जैसी ठंड शुरू हो गई है। इससे पहले इस सीजन में 17 से 19 नवंबर के बीच यहां तापमान शून्य के आसपास पहुंचा था। रेगिस्तानी जिलों बाड़मेर, बीकानेर और जैसलमेर में भी बफीर्ली हवाओं का असर दिखा। यहां अधिकतम तापमान गिरकर आठ डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। सीकर जिले में बीते एक सप्ताह से लगातार कोहरा छाया हुआ है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार सुबह भी कई इलाकों में सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। नागौर जिले के मेड़ता सहित कई क्षेत्रों में सुबह तक दृश्यता बेहद कम रही। वहीं उदयपुरझ्चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर भी घने कोहरे के कारण वाहन लाइट जलाकर चलते नजर आए और ट्रैफिक सामान्य से कम रहा।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में तेज सर्दी बनी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने बताया कि चार जनवरी से प्रदेश में सर्द हवाएं और तेज होंगी, जिससे न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट आ सकती है। इससे सुबह-शाम की ठंड और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में चित्तौड़गढ़ में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस मापा गया, जबकि उत्तर-पूर्वी जिलों में ठंड और कोहरे का असर सबसे ज्यादा रहा।

## कोलकाता का पारा और चढ़ा, दक्षिण बंगाल में घने कोहरे का अलर्ट

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल में न्यूनतम तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 24 घंटे में दक्षिण बंगाल के जिलों में तापमान दो से तीन डिग्री तक और बढ़ सकता है। इसके बाद अगले 24 घंटे तापमान लगभग स्थिर रहने की संभावना है। हालांकि इसके बाद फिर से ठंड बढ़ेगी और अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बंगाल के जिलों में अगले 24 घंटे तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन उसके बाद के तीन दिनों में तापमान लगातार गिर सकता है और पारा करीब दो डिग्री तक नीचे आ सकता है। इस बीच उत्तर बंगाल के सभी जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर और मालदा में कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 199 मीटर से 50 मीटर तक पहुंच सकती है।



दार्जिलिंग में शनिवार और रविवार को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी की भी संभावना जताई गई है। इसके अलावा जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग और अलीपुरद्वार में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में भी घने कोहरे को लेकर सतर्कता जारी की गई है। नदिया, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पुरुलिया, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान और बीरभूम में सुबह के समय कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 50 मीटर तक आ सकती है। हालांकि दक्षिण बंगाल के जिलों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने का अनुमान है और कहीं भी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिलहाल ठंड कुछ कमजोर पड़ी है, लेकिन जैसे ही इसका प्रभाव कम होगा, जनवरी के दूसरे सप्ताह में एक बार फिर ठंड जोर पकड़ सकती है।

## ईरान में व्यापक हो रहा है खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन का सिलसिला, बढ़ती महंगाई ने बढ़ाया असंतोष

एजेंसी

**तेहरान :** आर्थिक संकट, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध और विकराल होती महंगाई के कारण फैले लोगों के असंतोष से जूझ रहे ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सिलसिला व्यापक हो रहा है।खासतौर पर देश के समक्ष बढ़ते आर्थिक संकट ने मौजूदा स्थिति को और भी खराब बना दिया है। 28 दिसंबर से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को राजधानी तेहरान सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में जोर पकड़ रहा है। मीडिया समूह ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक ईरान की राजधानी में दो दिनों की शांति के बाद शुक्रवार रात तेहरान के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। मशहद और कोम जैसे पवित्र शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए।देश के अशांत दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र स्थित जाहेदान में प्रदर्शनकारी शुक्रवार की नमाज के बाद सड़कों पर उतर आए और देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के खिलाफ नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि यह शहर साल 2022 के व्यापक



विरोध प्रदर्शनों का एक प्रमुख केंद्र था जहां एकबार फिर विरोध प्रदर्शन में तेजी देखी जा रही है। मशहद, जाहेदान, कजवीन, हमदान और तेहरान सहित कई शहरों में व्यापक रूप से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। जहां सुरक्षा बलों की हिंसा और काफी संख्या में प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। प्रदर्शनकारी कट्टरपंथी मौलानाओं का शासन खत्म करने की मांग करते हुए सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई पर निशाना साध रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा धड़ा रेजा पहलवी को सत्ता सौंपने की मांग कर रहा है। अब तक देश के 22 प्रांतों के 46 शहरों में यह विरोध प्रदर्शन फैल गया है।तेहरान, यज्द, जंजन समेत करीब 10 विश्वविद्यालयों के छात्र इस आंदोलन में शामिल हैं।बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग भी इसमें शामिल है जिसने अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान बंद कर इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ईरान इंटरनेशनल ने मानवाधिकार समूहों का हवाला देते हुए बताया है कि अब तक कम से कम 7 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और 30 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। 28 दिसंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में अब तक 119 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बीच ईरान की करेंसी रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गयी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में महंगाई दर 42.2 फीसदी तक पहुंच गई। खानेपीने की चीजों की कीमतें पिछले साल की तुलना में 72 फीसदी बढ़ गईं है, जबकि स्वास्थ्य और दवाइयों से जुड़ी चीजें 50 फीसदी महंगी हो गईं। इससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाता है और उन्हें हिंसक तरीके से मारता है तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। उन्होंने मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट साझा कर कहा कि, हम कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ट्रंप की धमकी के जवाब में ईरान ने अमेरिकी हमले की स्थिति में उसके बेस को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान की संसद के अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा है कि अगर अमेरिका आक्रामक कदम उठाता है तो उसके सैन्य ठिकानों को वैध निशाना माना जाएगा।

## हिमाचल कांग्रेस में 11 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति, मुख्यमंत्री के करीबियों को मिली तवज्जो

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से चल रहे संगठनात्मक शून्य को भरते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 11 जिलों के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। यह नियुक्तियां कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत की गई हैं और इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। नवंबर 2024 से प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग चल रही थी, जिसके बाद से संगठनात्मक ढांचे को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

नई नियुक्तियों को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में संगठन को दोबारा मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सूची के अनुसार मंडी जिला से चंपा ठाकुर, कांगड़ा से अनुराग शर्मा, हमीरपुर से सुमन भारती शर्मा, लाहौल-स्पीति से दोरजे अंगरूप, कुल्लू से सेस राम आजाद, चंबा से सुरजीत कुमार भरमौरी, सिरमौर से आनंद परमार, सोलन से सुभाष चंद वमार्नी, शिमला शहरी से इंद्रजीत सिंह, बिलासपुर से अंजना धीमान और ऊना से देशराज गौतम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हालांकि जिला किन्नौर और शिमला ग्रामीण के अध्यक्षों की घोषणा अभी नहीं हो पाई है, जिससे इन दोनों जिलों को लेकर चचाएं बनी हुई हैं। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि इन पदों पर नियुक्ति के लिए अभी और मंथन किया जा रहा है। नई सूची को लेकर यह बात भी सामने आ रही है कि ज्यादातर जिलों में उन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का करीबी माना जाता है। खास तौर पर मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर से सुमन भारती शर्मा की नियुक्ति को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। सुमन भारती शर्मा को संगठन में सक्रिय और मुख्यमंत्री के भरोसेमंद नेताओं में गिना जाता है। इसी तरह शिमला शहरी कांग्रेस की कमान इंद्रजीत सिंह को सौंपी गई है, जो लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े रहे हैं। पार्टी का कहना है कि इन नियुक्तियों के पीछे संगठन को सक्रिय करना, कार्यकताओं में नई ऊर्जा भरना और आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए मजबूत ढांचा तैयार करना मुख्य उद्देश्य है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अबू बक्कर सिद्दिकी मुख्यमंत्री से मिले, दी नववर्ष की बधाई




**बिनय मिश्रा :** नववर्ष 2026 के आगमन पर मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वन एवं कृषि विभाग के सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी ने मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामना दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन एवं कृषि विभाग की कामयाबी और उपलब्धि पर वन एवं कृषि विभाग के सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी के कार्यों को सराहा। और वन एवं कृषि विभाग के द्वारा विकास कार्यों को गति देने से राज्य के विकास में विभाग की सहभागिता को भी काफी सराहनीय बताया।

### मुख्यमंत्री से ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मिले, दी नववर्ष की बधाई



नववर्ष 2026 के आगमन पर मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन ने मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामना दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग के कामयाबी और उपलब्धि पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन के कार्यों को सराहा। और ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा विकास कार्यों को गति देने से राज्य के विकास में विभाग की सहभागिता को भी काफी सराहनीय बताया।

### डीआईजी नौशाद आलम ने सीएम से की मुलाकात, नववर्ष की दी शुभकामनाएं और बधाई



**निधि पाठक :** नववर्ष 2026 के आगमन पर मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष शाखा के नव पदस्थापित डीआईजी नौशाद आलम ने मुलाकात की।गौरतलब हो कि श्री आलम झारखंड के तेज तर्रार,कर्मठ व उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी है। श्री आलम भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के अधिकारी हैं तथा वे ग्रामीण एसपी रांची,साहेबगंज के लोकप्रिय एसपी रह चुके हैं। कार्मिक व बजट डीआईजी के अलावे पलामू के 33 वें डीआईजी के रूप में 29 मई को पदभार ग्रहण करने के महज कुछ माह में ही वे पुलिस की उपलब्धि और बेहतर छवि बनाने में सफल रहे थे।

### डीसी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 की शुरूआत शुक्रवार दो जनवरी को हुई। इस मौके पर लोगों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समाहरणालय परिसर से डीसी आदित्य रंजन ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीसी ने कहा कि जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिलेभर में विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और जानमाल की क्षति को रोका जा सके। बताया कि यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, दोपहिया वाहन पर दोनों सवारों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा अनावश्यक ओवरटेक से बचने के लिए जागरूक करेगा। मौके पर वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, जिला परिवहन पदाधिकारी सी. दिवाकर द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार उपस्थित थे।

### 10 प्रशिक्षु आईएएस ने बेलगडिया और खनन क्षेत्र का किया दौरा

**धनबाद :** लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी से 2025 बैच के 10 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने डीसी सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन से शुक्रवार को मुलाकात की। सभी प्रशिक्षु आईएएस विंटर स्टडी टूर के तहत खनन क्षेत्र का दौरा करने धनबाद आए हैं। विंटर स्टडी टूर आईएएस प्रोफेशनल कोर्स का एक जरूरी हिस्सा है। इनको प्राइवेट और पब्लिक, दोनों सेक्टर के अलग-अलग संगठनों से जोड़ा जाता है और उन्हें अलग-अलग राज्यों में गुड गवर्नेंस की पहलों से भी परिचित कराया जाता है। यह उनमें एक युवा सिविल सेवक के लिए जरूरी चरित्र और कौशल विकसित करेगा। साथ ही उनको कॉमर्स और इंडस्ट्री, रिसोर्स तथा फाइनेंस और इकोनॉमी के सेक्टर का अनुभव देगा।प्रशिक्षु आईएएस ने जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के साथ बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण किया। इसके बाद बीसीसीएल के ब्लॉक 2 ओपन कास्ट प्रोजेक्ट, मुनीडीह अंडरग्राउंड माइंस तथा एना फायर प्रोजेक्ट का भ्रमण किया। मौके पर डीसी आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालिवाल, प्रशिक्षु आईएएस के ग्रुप लीडर सिद्धार्थ सिंह, सहायक ग्रुप लीडर आकाश गर्ग, शोभिका पाठक, ताशी तेनजिन, पेलना वांगचुग, पवित्रा पी, माधव अग्रवाल, दिव्यांक गुप्ता, दीपक कुमार एवं सोनम नोरबू मौजूद थे।

# देवघर में एनडीआरएफ की मॉक ड्रिल, बच्चों और बड़ों को जीवन रक्षा के सिखाए गए तरीके



संवाददाता

**देवघर :** किसी भी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए देवघर में एनडीआरएफ ने मॉक ड्रिल किया। इस दौरान बच्चों से लेकर आमजन सभी को सुरक्षा के तरीके बताए गए। देवघर के स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर ट्रेनिंग कैंपेन चलाए गए, ताकि यह पक्का किया जा सके कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोग अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

इस अभ्यास के दौरान, एनडीआरएफ टीम ने स्कूली बच्चों और लोगों को सिखाया कि आपदा के समय घबराने के बजाय समझदारी से अपनी सुरक्षा कैसे करें। मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी देते हुए एनडीआरएफ के अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य मकसद भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में जान-माल के नुकसान को कम करना है। उन्होंने लोगों को बताया कि भूकंप आने पर कहां शरण लेनी है, कैसे सुरक्षित बाहर निकलना है और क्या सावधानियां बरतनी हैं।

उन्होंने आगे बताया कि देवघर के खनन प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए कैसे सतर्क रहना चाहिए। पहाड़ी और पर्यटन इलाकों में आने वाले टूरिस्ट से भी अपील की गई कि वे उन जगहों पर ना जाएं, जहां जिला प्रशासन और एनडीआरएफ ने पहले ही चेतावनी जारी की हो।

एनडीआरएफ अधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में आपदा राहत सेवाओं को और तेज और असरदार बनाने के लिए मुख्यालय और स्थानीय कार्यालय के बीच लगातार विचार-विमर्श चल रहा है। इसका मकसद है कि जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ की मदद आम लोगों तक कम से कम समय में पहुंचे और ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र को सुरक्षित किया जा सके।

### एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव 2026

## आत्मनिर्भर भारत के लिए स्थानीय उद्योगों को दिया जाएगा बढ़ावा

संवाददाता

**जमशेदपुर :** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से शनिवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में 16-17 जनवरी को आयोजित होने वाले एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। इस दो-दिवसीय आयोजन का उद्देश्य देश के माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) को रक्षा क्षेत्र से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के अवसर प्रदान करना है। इसका उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य एमएसएमई को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना और उन्हें सरकारी योजनाओं, जैसे कि इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस और मेक प्रोजेक्ट के तहत समर्थन प्रदान करना है।

अधिक जानकारी और स्टॉल बुकिंग के लिए एसिया के महासचिव प्रवीण गुटगुटिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार संगी और सचिव अशोक गुप्ता से संपर्क किया जा सकता है। इस कार्यक्रम की विशेषताएं एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के एमएसएमई अपने उत्पादों और नवाचारों को प्रदर्शुत करेंगे। लगातार बैठकें होंगीं जिनसे उद्योगों और सरकारी खरीदारों के बीच सीधा जुड़ाव के अवसर मिलेंगे और सेमिनार तथा पैनल डिस्कसन होंगे जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, सरकारी नीतियों और निर्यात संभावनाओं पर विशेषज्ञों के विचार सामने आएंगे। आयोजन के सहयोगी संगठन आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लघु उद्योग भारती भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (नोडल एजेंसी) और बीईएमएएल (नोडल डीपीएसयू) संभावित प्रतिभागी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एयर चीफ मार्शल अरूप राहा, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम (सेवानिवृत्त) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स महिंद्रा डिफेंस अन्र्स्ट एंड यंग एलएलपी भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड वाहन फैक्टरी जबलपुर और कई अन्य प्रतिष्ठित उद्योग एवं रक्षा विशेषज्ञ।

### किरीबुरु में सीआरपीएफ का सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित

## ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्री का किया वितरण

संवाददाता

**गुवा ।** शनिवार को राजीव रंजन, कमाण्डेन्ट 26वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निदेशांनुसार डी/26वीं वाहिनी सीआरपीएफ, किरीबुरु परिसर में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व श्री महेश्वर कुमार चौरसिया (सहायक कमाण्डेन्ट) ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना एवं उनके दैनिक जीवन से जुड़ी आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों के बीच विभिन्न उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें ठंड से बचाव के लिए कंबल, आवास उपयोग हेतु टीन शीट, खेती के लिए बीज, बच्चों के लिए खेल सामग्री एवं पठन-पाठन सामग्री, छाता तथा महिलाओं के लिए रसोई के बर्तन जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखी गई और उन्होंने सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर सहायक कमाण्डेन्ट महेश्वर कुमार चौरसिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नक्सलियों एवं असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं जिला पुलिस क्षेत्र की जनता की सुरक्षा, शांति और विकास के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सुरक्षा बलों के साथ सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में निरीक्षक निरंजन कुमार, उपनिरीक्षक राजीव राणा, उपनिरीक्षक रोहित कुमार (थाना प्रभारी, किरीबुरु) तथा पार्वती किडो (मुखिया, किरीबुरु पंचायत) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से सीआरपीएफ ने एक बार फिर समाजसेवा और जनसंपर्क की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

### न्यूनतम तापमान में आई कमी

**जमशेदपुर।** ठंड में धीरे-धीरे फिर से वृद्धि होने लगी है। न्यूनतम तापमान में 24 घंटे में ही 1.1 डिग्री की कमी आई है और यह 10.5 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले एक सप्ताह में तापमान में करीब दो डिग्री तक की कमी आ सकती है। सिर्फ न्यूनतम तापमान ही नहीं बल्कि अधिकतम तापमान में भी धीरे-धीरे कमी आती जा रही है और अधिकतम तापमान में और अधिक कमी आने का अनुमान है।

## गिरते विधुत खंम्बे दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण

संवाददाता

**गालूडीह :** गालूडीह बराज कालौनी के मुख्य सड़क पर झुल रही है विधुत तार जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है।वहीं विधुत खंम्बे भी माने तो अब गिरेगा तब गिरेगा की स्थिति में बनी हुई है।इसी मुख्य सड़क पर पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और हिंदी मध्य विद्यालय है। इस रास्ते से बच्चे के अलावा लोगों का आना जाना लगा रहता है।इधर लोगों का कहना है कि खंम्बे की तार भी पुरानी और जर्जर हो चुका है। बराज कलौनी में भी कई जगह बांस के खम्भे लगे हुए हैं। वहीं एक बराज कर्मी ने बताया कि आलम ऐसा ही की कई बार हवा चलने से तार आपस में सट जाता है जिससे जम्फर उड़ जाता है।

उसने कहा कि तार पुरी तरह जर्जर हो चुकी है ।जंगल झाड़ियों के चलते हमेशा तार सोट करता है । वर्षों से बिजली विभाग के द्वारा आज तक कोई पहल नहीं की है। विधुतीकरण में आज तक कोई नया काम नहीं किया गया है ।कार्यपालक अभियंता प्रियेश होडो. ने इस मामले में अब तक कोई भी शिकायत नहीं मिलने की बात कही। उन्होंने कहा जांच कर विधुत विभाग को दुरुस्त करने को लेकर चिट्ठी लिखने की बात कही।

### उपायुक्त दूसरे सप्ताह में फिर कर सकते हैं समीक्षा बैठक

**जमशेदपुर :** जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी दूसरे सप्ताह में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में समीक्षा बैठक कर सकते हैं। हालांकि इसकी अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं जारी की गई है। जानकारी कि पिछले दिनों उपायुक्त को समीक्षा बैठक करनी थी लेकिन किसी कारण से वह नहीं पहुंच सके थे और इस कारण उनकी समीक्षा बैठक एक बार फिर से जनवरी के दूसरे सप्ताह में रखी जा सकती है। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य, अस्पताल के अधीक्षक, दोनों उपाधीक्षक, भवन निर्माण विभाग, बिजली विभाग, नगर निगम, आईटी विभाग, एलएनटी विभाग के अधिकारी रह सकते हैं।

### चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा में ट्रेन दुर्घटना

## चक्रधरपुर से होकर चलने वाली ट्रेनों का परिचालन सामान्य

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के के केबिन के पास आज सुबह हुई मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना से ट्रेनों के परिचलन में खासा प्रभाव नहीं पड़ा है। हालांकि आज सुबह चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन से होकर चलने वाली पुरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को लिए जा रहे एन आई कार्य को लेकर परिवर्तित मार्ग पुरी भुवनेश्वर से कटक सम्बलपुर झारसुगुड़ा रोड ईब होकर ऋषिकेश गई। चक्रधरपुर से होकर इस ट्रेन का।परिचालन रद्द रही। वहीं चक्रधरपुर राउरकेला सारंडा मेमू और टाटा इतवारी टाटा एक्सप्रेस रद्द रही। वहीं एन आई कार्य को लेकर हावड़ा कांटाभांजी इस्पात एक्सप्रेस आज टाटानगर एवं कांटाभांजी हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस झारसुगुड़ा में शॉर्ट टर्मिनेट की गई है। टाटानगर एनार्कुलम एक्सप्रेस लगभग 7 बजे और शालीमार मुंबई समरसता एक्सप्रेस चक्रधरपुर लगभग 6 घंटे देर से पहुंची और लगभग 9 बजे चक्रधरपुर स्टेशन से रवाना हुई। उसी प्रकार आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस पूर्वाह्न लगभग 11.45 बजे चक्रधरपुर स्टेशन पहुंची।

### घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी

**चाईबासा :** घरेलू विवाद में टोंटो थाना अंतर्गत बामियाहातु गांव निवासी 19 वर्षीय इहाश्री सवैया ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को किसी बात को लेकर मृतक का परिजनों के साथ विवाद हो गया था। वह शनिवार को अहले सुबह अपने घर के धारण में फांसी के फंदा बांध कर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। जब परिजनों का पर नजर पड़ी तो उसे फांसी के फंदे से उतार कर आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, उसी गुस्से में फांसी लगा लिया है।

## बोड़ाम बाजार से 2 गाय और 2 बछड़ों की चोरी

**पटमदा :** बोड़ाम थाना से महज आधा किलोमीटर दूर बोड़ाम काली मंदिर के समीप स्थित साधु महतो के गोहाल से शुक्रवार की रात करीब 1 बजे के बाद अज्ञात लोगों ने 2 दुधारू गायों एवं 2 बछड़ों की चोरी कर ली। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और क्षेत्र के पशुपालक दहशत में हैं। घटना के वक्त परिवार के सदस्य गहरी नींद में थे जिसका फायदा चोरों ने उठाया। घटना की जानकारी सुबह में हुई तो काफी संख्या में लोग साधु महतो के घर के पास जुटे और मामले की जानकारी लेने लगे। बताते हैं कि चोरों ने गाय एवं बछड़ों को बांधने वाली रस्सी को काटकर ले भागा है। इससे पशुपालक को करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। सूचना पाकर पहुंचे बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने सुबह करीब 9 बजे घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### ट्रक और ट्रेलर की भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत

**चाईबासा :** ट्रक और ट्रेलर के बीच भीडंत होने से ट्रक चालक 37 वर्षीय विजय राय की मौत हो गई है। घटना शनिवार को अहले सुबह मुफस्सिल थाना अंतर्गत खपपसाइ के पास की है। जानकारी के अनुसार ट्रक चालक विजय राय जोड़ा बागान कोलकाता में रहकर चालक का काम करता था। मृतक का पैतृक गांव बिहार छपरा के अमनौर थाना क्षेत्र में है। जानकारी के अनुसार विजय राय ट्रक लेकर कोलकाता से चाइबासा जोशी ट्रांसपोर्ट आ रहा था। चाइबासा खपपसाइ के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर वाहन सामने से घक्का मार दिया।जिससे ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।उसे तुरंत सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाते ही कइ ट्रक चालक सदर अस्पताल आ गए।इधर सदर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को छोड़ कर फरार हो गया है।

# पलामू से लाखों का ब्राउन शुगर बरामद, गढ़वा का तस्कर गिरफ्तार




संवाददाता

**पलामू:** जिला में पड़वा थाना क्षेत्र के माधुरी जंगल से लाखों का अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। ब्राउन शुगर की खेप के साथ गढ़वा के रहने वाले एक तस्कर मुमताज खान को गिरफ्तार किया गया है।

पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पड़वा थाना क्षेत्र के माधुरी जंगल के इलाके में ब्राउन शुगर की तस्करी होने वाली है। इसी सूचना के आलोक में पड़वा थाना की पुलिस ने माधुरी जंगल की इलाके में छापेमारी की गयी। जिसमें गढ़वा के साई मोहल्ला के रहने वाले मुमताज खान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को देखने के बाद मुमताज खान फरार होने लगा था पुलिस ने दौड़ा कर उसे गिरफ्तार किया है।

मुमताज के पास से अलग-अलग पुड़िया में ब्राउन शुगर का ढेला बरामद किया गया है। मुमताज खान ने पलामू पुलिस को कई बड़ी जानकारी दी है। मुमताज ने पुलिस को बताया है कि बिहार के सासाराम के इलाके से ब्राउन शुगर की खेप गढ़वा की इलाके में पहुंचती है। गढ़वा से ब्राउन शुगर की खेत पलामू समेत कई इलाकों में भेजी जाती है। पुलिस की पूछताछ में मुमताज ने बताया है कि ब्राउन शुगर की एक-एक पुड़िया को वह 2700- 2700 में बेचता था। पुलिस की छापेमारी में डीएसपी राजीव रंजन पड़वा के थाना प्रभारी अंचित कुमार, सब इंस्पेक्टर चिंटू कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल रहे। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। तस्कर के पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि तस्कर के पकड़े जाने के बाद पूरा नेटवर्क धीरे-धीरे करके अपनी पहचान को बदलने लगता है।